Ke sove se jayeroye ghar ka chalan bigad rya se
Bahu sove yo chora peese mota chala ho rya se"

(I started grinding early in the morning; he came close to the grinding stone;
Just then my mother-in-law woke up and got stunned to see that scene.

[She woked up her own husband saying:]

"How can you sleep O mourner of your kids, customs of this house are in danger:

The daughter-in-law is sleeping while our son in grinding.")

The intimacy between young couple becomes a matter of jealousy for the mother-in-law. This results into a life-long bickering between mother- and daughter-in-law.

As soon as the intoxicating phase of marriage is over and the man and woman have to engage themselves into arduous daily routine, the woman starts facing the hardships of her conjugal life especially at the hands of her mother-inlaw. The mother-in-law who is already vexed now starts teasing her newly married daughter-in-law in many different ways. For instance she gives her only barley bread to eat when she senses that the latter likes wheat bread:

"*Saas bajre ki roti ri'*
He ri do dendi de de ek, saas gihuan ki de de ri.
Bahu e gihuan ki khave e
He tera babal sahukar ke bharke gaadi lyave e?

Saas mhare gihuan ke theke ri

He ri tere ek bori mh juar usse mh bhodi e bhodi ri"

(O mother-in-law, don't give me barley bread

if you wish give me only one, but give the wheat bread.

O daughter-in-law, you eat wheat-bread,

As if your father is a rich man who sent cartful of wheat for you? O mother-in-law, my father is a wheat trader

While you have paltry sorghum in a sack, full of chaff.)

Dismayed at her mother-in-law's persistent taunting she starts pining for her natal home. One day her brother comes to meet her and she complains before him about her plight. The brother talks to the mother-in-law in favour of his sister and seeks her permission to take his sister with him for a few days. The woman feels elated at her prospect of going to her natal home. But this sense of elation turns out to be short lived when the brother tells her in isolation the real thing:

"Keh de keh de re bira mera man ki re baat bhola man ki re baat
Ma e meri ne ke kahya je
Ma e kahya se re bai ne le ghar aay beta le ghar aay
Baap kahya dhee meri ghar bhali je."

(O brother, tell what I want to hear

Tell what my mother has said.

The mother says bring my daughter home

The father says daughters are good at their own home.)

It is not only that the mother-in-law alone is on a mission to torture the newly married woman; her other conjugal kins also especially her elder brother-in-law and sister-in-law leave no chance to torment her. And the condition of that woman becomes more miserable if her husband is not at home. In the following Jakari a woman narrates such an experience:

"Likkad de ne tanna marya marya Jeth Hazari ne O meri jyan
Matna O Jeth tanne mare jaan gayi beemari ne
Khood khood mh gerun jewri bulwa lyun Patwari ne O meri jyan
Likh parwana piye dhore gerya yaad kre teri byahi O

Jaldi se piya ghar pe aao kabja karya tere bhai ne O meri jyan."

(Coming and going my majestic elder brother-in-law taunted me O my life

Don't taunt me O Jeth I know what ails you.

I'll call the village land accountant and put measuring rod in each furrow

I wrote a letter to my husband telling him his wife misses him badly

You come home very soon as your brother's possessed everything.)

Receiving the letter, her husband comes on vacations and asks her what happened. When she tells about the wrong-doings of her brother-in-law and even about his sexual advances, he dismisses her complaint in a typically patriarchal manner:

"*Gori re ke ho gya thamne gerya taar pe taar?*
Relwai sari mera bhoora kachiya gaat
Machine chlaaun devar ne pakad liya haath
Gori re ke ho gya meir ma ka jaya chhota beer"

(O wife, what happened that you sent letter after letter?

I wore blue sari on my fair delicate body

I was operating machine when your brother caught my hand.

O wife, so what? He's my brother born of same mother!)

The woman becomes further hopeless in such a situation wherein she is shown her proper place by her own husband—the place quite inferior to rest of the clan members. The climax of miseries sets in her life when she fails to deliver a son to her husband—the ultimate test of the worth of a woman in Haryanvi family. The husband becomes so insensible that he takes no time in deciding to marry another woman:

"*Na tere chhora re gori na tere chhori*
Dilli sehr mh re gori suthri si chhori
Suthri si chhori re gori lyani jaroori
Uske ho jya re gori chhora re chhori."

(O wife, you neither have a son nor a daughter

In the city of Delhi there's a pretty girl

It's inevitable to bring the pretty girl home

She'll bear a son and a daughter)

Later on, in the same jakari the unfortunate woman laments the losses of her life:

"Hei Ishbar teri leela re nyari
Ek laal ke oopar chut gi re nagari"

(O God, your playful nature is unique

Not having a son I was banished from the community).

These have been the main factors responsible for miserable plight of women in Haryanvi society. Combined together these factors put so many burdens on the psyche of a woman that suicide seems to be a viable option to her to get rid of her death-in-life condition. In one jakari the woman narrates what happens after her committing suicide:

"Kadhen devar jeth bhan meri tas tas rove saas he
Kyun rove meri saas bawli nirnabasi kadh deyi
Kadhen devar jeth bhan mera tas tas rove bhartar he
Kyun rove bhartar bawle byah lyayiye thanedar ki!"

(Brothers-in-law draw my body out of well and my mother-in-law cries loudly

Why cry now O my crazy Mother-in-law? You pushed me out hungry n thirsty.

Brothers-in-law draw my body while my husband weeps inconsolably

Why weep now o husband? Go and marry a police inspector's daughter now.)

The forgoing analysis shows it amply how Jakari as a folksong genre represent the life and its upheavals for a young Haryanvi woman. Most of Jakari songs are replete with sense of helplessness and hopelessness as ingredients of a woman's life. Themes such as unnatural death in the form of suicide or even murder, banishment, alienation, etc. recur profusely. And it is but natural if we keep in mind the tests and trials a woman have to undergo in Haryanvi society. However it is one aspect of the issue. In other words, all Jakaris are not like that. There are other themes like woman's retaliation to individual insults, her subversion of dominant ideology, and her resistance to patriarchal norms through humour, slyness, lies, etc. in one jakari she mocks at the gluttony of her elder brother-in-law in order to subvert his authority in a subtle manner:

"Ei sawa penhsar ke tare gulgale e dhai ser poyi roti
Ei tokni bharke randhi kheer ki e laagad thi mhare jhoti

Ei jeth mere ka nyonda de diya karke kardi chhati
Ei sawa penhsar ke kha gya gulgale e dhai ser kha gya roti
Ei tokni bhari kha gya kheer ki e iisa jetha daki
Ei balak bacchche bhookhe so ge me thi nirnabasi"

(O I fried five and a quarter *seergugale* and rolled two and a half *seerroti*

O I boiled full vessel of *kheer* as our buffalo was new to milk

Summoning my all courage I invited the elder brother-in-law

He ate five and a quarter *seergulgale* and two and a half *seerroti*

The gluttonous brother-in-law even gulped the full vessel of kheer

My children went to bed empty stomach

And I too remained hungry n thirsty since morning)

In the following Jakari she puts aside the patriarchal norms of sexuality and celebrates her sexual encounter in a hilariously tone. In this Jakari a Jat girl invites a Brahman guy for feasting at her home. The guy takes her into the inner chamber and shuts the door. Just then a neighbour woman comes to her house. The girl asks her to come in the inner chamber. As soon as she reaches there, the guy pulls her also inside and shuts the door. See the climax:

"*Gaam ne paat gya bera teenuan ka kothi mh dera*"

(The village came to know the threesome is in the inner chamber).

The richness of Jakari folk songs as a genre is discernible in the variety of these songs as far as themes are concerned. Another significant theme dealt with in Jakari is that of a woman's self-criticism. In such jakaris she looks at her own dealings in a self-reflexive way and presents an unusual kind of self-analysis. It is in these kinds of jakaris that a woman's heart finds its best expression: Her desires which remain choked in heart during daily life find fluent musical expression in these jakaris. In this context she no longer remains an object of desire but becomes a desiring subject subverting the age-old norms in such a subtle manner that powers-that-be fail simply to understand the reality of situation. She adopts so may subversive tricks to save herself from those tasks she does not want to do, from those precarious situations arising out of her desires in which she fears to be held guilty of violation. It is in these songs that female bonding surfaces at its best. In the following jakari, a young girl manages to be sent to her conjugal home even before the

scheduled time with the help of her mother and both mother and daughter succeed in hiding this fact:

"Hei ri ma manne de na ghaal ure jee lagda na mera
Hei teri sathan boojhen baat tai ri hamne patya nab era
Hei uski saasu sakat beemar jamai le gya se e mera"
(O mother, send me to my conjugal home; my heart no longer lies here.

O your friends ask me how it happened? They couldn't know.

O her mother-in-law is critically ill; hence my son-in-law's taken her)

The young woman has no doubt come to her conjugal home before time out of curiosity. Nonetheless very soon she realizes that life here is also not all goody goody.

Here also she has to deal with the same household chore even with an increased intensity as she is not a daughter here but a daughter-in-law. In the following jakari she is asked by her husband to bring his midday meal on fields. But she does not want to go to fields. Instead of denying before her husband she picks up a quarrel with her mother-in-law so intensely that her father-in-law has to intervene. He chides his own wife for quarrelling but the woman takes the pretense of being victimised by him and does not go to fields. In evening her husband comes back from fields and before he could say anything she starts weeping. The considerate husband takes up the issue with his father:

"O Babal isi ke jiwani chhe gi tanne meri NIrmalan peeti
Hei re beta teri NIrmalan jhoothi manne apni boodhli peeti"
(O Father, how much you're intoxicated with youth

That you beat up my Nirmala?

O Son, your Nirmala is a lier;

I beat up my own old woman.)

Likewise, if the husband is away to some other place and woman is living alone, she can become wayward very easily. Even such a woman is adept at befooling her man by showing her *tiriya charitra.* IN the following jakari a woman whose husband is in army becomes wayward. When her husband comes back and he comes to know about it, he becomes furious. He takes a baton in his hand and goes to the village well where his wife is fetching water. He threatens her to kill:

"*Neid teri taarunga re tanne lhyaj saram na aayi*
Aankh bhar gi pani ki O tere kisne syakha layi?
Rule gere hathan ke e paapi ne kalje ke layi
Gail le chalunga re meri ghani dhukh payi murgayi"

(I'll cut your throat; you've become so shameless.

Tears welled up in my eyes and asked who poisoned your ears?

He threw away his baton, embraced me and said:

I'll take you along, you've suffered much.)

As her experience of married life increases, she becomes more confident about herself and expresses his desires explicitly. One day she does not hesitate even in proposing an unknown man on the well. The man agrees to take her along with him for his younger brother and challenges her to show how smartly she will set his household. She takes the challenge boldly and declares:

"*Mera ke dekheiga O me to hilya hilaya naara*
Roti O teri po dyungi O chadhwa dyun choon udhara
Pani ke tere bhar dyungi O tokni ke baja dyun bara
Aur ke chaiye se O bhaiyan ten paad dyun nyara"

(What will you test me O I'm already a seasoned ox.

I'll role chapatti for you but make you debtor of flour.

I'll fetch water for you but disfigure the brass vessel.

What else do you want? I'll alienate you from your kin.)

To sum up we can say that Jakari folk songs are full of varied reflections of the 'inner world' of a Haryanvi woman. If one has to understand their life, one must understand Jakari and analyse it one of the most important yet most neglected texts. Nowadays there is a growing consciousness of women's cultural and historical significance in the development of any society. Scholars have mostly been concerned either with the written literary texts or mechanical data collected by various agencies from time to time to assess the women's issues. Sadly enough, there has been little folkloristic work at least in India directly addressing issues related to women whereas folk narratives are supposed to be the most fundamental and authentic expressions of such issues. It is in the folk narratives of her own that woman projects most comfortably a female vision of the world wherein she internalizes, resists and subverts the hegemonic discourses of her society.

The question how society affects folklore is one side of the coin; the other side is the question how folklore influences the perceptions of a society. As folklore changes over a period of time, it reflects the social situation, presumably the result of material changes that affect a society. This analysis is bound to throw some light on the phenomenon how the social order and social institutions articulate in the formation of the subject (individual), or how the link between social and psychic reality is to be spelt out. Taking cues from this study of people’s verbal art, the concerned authorities will benefit while formulating emancipatory policies for the masses especially women.

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष पर "हिंदी विभाग के सप्तऋषियों का पुण्य स्मरण"

प्रो. महेंद्र नाथ राय[1]

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय के हिंदी विभाग में यशस्वी आचार्यों की एक सुदीर्घ परंपरा रही है जिन्होंने अपनी प्रतिभा, विद्या तथा सारस्वत साधना के बल पर हिंदी भाषा और साहित्य के क्षेत्र में अध्ययन और अध्यापन की न केवल प्रशस्त और दृढ़ नींव रखी बल्कि उन्हें उत्कर्ष की ऊंचाईयां भी प्रदान की। ये आरंभिक आचार्य महामना द्वारा नियुक्त हुये थे और उन्होंने इनकी नियुक्ति में आचार्यों के शील-स्वभाव और सदाचरण को हमेशा प्राथमिकता दी। नहीं भूलना चाहिये कि जैसे प्रत्येक मनुष्य, जाति-वंश और परिवार का निजी कुल-शील होता है, वैसे ही किसी किसी शिक्षण-संस्था का भी। महामना के इस विश्वविद्यालय की दीप्ति और यश के मूल में वस्तुतः उनके द्वारा चयनित मनीषी आचार्यों के शील-संसार युक्त सुवासित व्यक्तित्त्व का ही आकर्षण था जिसके सम्मोहन में बंधकर दूर-दूर के विद्यार्थी यहां खिंचते चले आते। यह वही हिंदी विभाग है जिसे 'नागरी प्रचारिणी सभा' के संस्थापकों में प्रमुख बाबू श्यामसुंदर दास ने लाला भगवान दीन, आचार्य पं. रामचंद्र शुक्ल, आचार्य केशव प्रसाद मिश्र, डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल, पं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र आदि के सहयोग से मध्यकालीन काव्यबोध, आलोचनात्मक विवेक, आधुनिक काव्यधारा, साहित्य की मधुमती भूमिका तथा भाषा-वैज्ञानिक सूझ-बूझ का परचम लहराया था। बाद में ज्ञान की इस मशाल को आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी और उनके योग्य शिष्यों-प्रशिष्यों ने पूरे देश-विदेश में जलाये रखा।

लाला भगवान 'दीन' काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आदि अध्यापक थे जो मालवीय जी द्वारा 1919 ई. में नियुक्त हुये थे। शुरू में विश्वविद्यालय ने इन्हें फारसी पढ़ाने का दायित्व सौंपा था, किंतु आवश्यकतानुसार वे हिंदी निबंध और रचना भी पढ़ाने लगे। लालाजी 'रामचरितमानस' और 'बिहारी सतसई' के मर्मज्ञ व्याख्याता थे। जीवनभर उन्होंने अपने रसमय अध्यापन का परचम लहराया। संपादन, टीका और आलोचना के क्षेत्र में अपने सर्वोत्तम से हिंदी का भंडार भरा। वे अद्भुत विद्या-व्यसनी थे। 53 वर्ष की उम्र में हिंदू विश्वविद्यालय के अध्यापक बने थे पर अल्प अवधि में ही काशी हिंदू विश्वविद्यालय के साथ ही नागरी प्रचारिणी सभा और दीन विद्यालय द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य की जो सेवा की, अध्ययन और अध्यापन का जैसा कीर्तिमान बनाया तथा प्रातिम शिष्यों की जो मंडली तैयार की वह अभूतपूर्व है। हिंदी शब्द-सागर के साथ विभिन्न ग्रंथावलियों के संपादन तथा अत्यंत दुरूह समझे जाने वाले ग्रंथों की बोधगम्य टीकाएं लिखकर उन्होंने हिंदी भाषा-साहित्य को जनता का कंठहार बना दिया। लालाजी बाहर से अतिसामान्य पर भीतर से पूरी तरह सरस थे। रीतिकालीन काव्य पढ़ाते समय रस की धारा ही बहा देते। कवि-सम्मेलन की चर्चा मात्र सुनने से उनकी रूग्णता भाग जाती। दूसरों को सदा मान दिया, आप अमानी रहे। जीवन-पर्यंत विद्या-दान किया। जिस शिष्य से जो काम लिया, वहाँ उसी का नाम दिया। आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र उनके ऐसे ही शिष्य थे जिन्होंने जीवन भर गुरू की महिमा का गान किया। दूसरे शिष्य पं. पद्मनारायण आचार्य की आँखें अपने गुरू

[1] पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग एवं संकाय प्रमुख, कला संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी

के स्मरण में भर जातीं। उनके अनुसार जो काम कभी मल्लिनाथ ने संस्कृत के लिये किया, वही काम, बल्कि उससे भी बढ़-चढ़कर, लाला जी ने मध्यकालीन हिंदी कविता को बोधगम्य बनाने के लिये किया।

'आचार्य रामचंद्र शुक्ल' दीन जी के थोड़े दिनों के बाद ही उनके साथ हिंदी पढ़ाने के लिये मालवीय जी द्वारा नियुक्त किये गये। उनके चलते पहले नागरी प्रचारिणी सभा का, फिर हिंदू विश्वविद्यालय का तथा हिंदी भाषा-साहित्य का ऐश्वर्य बढ़ा। वे गंभीर दृष्टि संपन्न-समीक्षक, इतिहास-लेखक, साहित्य शास्त्री, निबंधकार एवं अनुवादक थे। उन्होंने जिस भी विधा का स्पर्श किया, वह स्वर्णिम बन गई। उनके व्यक्तित्त्व में गंभीर वैचारिकता और सरसता का नैसर्गिक सामंजस्य था। लालाजी अपने कनिष्ठ को हिंदी साहित्य का मुकुटमणि कहते। केशव प्रसाद मिश्र अपने प्रसिद्ध संस्करण में स्वीकार करते कि "आचार्य शुक्ल निसर्ग विशुद्ध भारतीय और संस्कार संसर्गज भारतीय और उपार्जित पाश्चात्य था।....उन्होंने जैसी कुसाग्र बुद्धि पाई थी, वैसा ही भावंतरंगित हृदय भी, पर उनकी भावुकता सदा बुद्धि के प्रकाश में ही पनपती। न तो वे स्वयं बुद्धि-लोक से परे किसी भावलोक की सृष्टि करते और न किसी का वैसा करना पसंद करते।...विश्व विस्तृत बाह्य सौंदर्य को ही वे अगोचर रूपराशि का प्रतीक क्या- सर्वस्व मानते और उस पर रोम-रोम से मुग्ध हो जाया करते। ...किसी प्रकार का छद्म, चाहे वह मानसिक हो, वाचिक हो, व्यावहारिक हो- उन्हें प्रिय न था। वे मानधन और मनस्वी थे। मान आ जाय तो बड़े-बड़े की परवा नहीं, नहीं तो आशुतोष तो थे ही। व्यवहार उनका ऐसा स्निग्ध, ऐसा मधुर, ऐसा सरस था कि मिलने वाला जी खोलकर मिलता और सदा स्मरण रखता। ...उनका हृदय भक्त का हृदय था। वे राम के नाते ही सबसे संबंध जोड़ते।"[1]

आचार्य शुक्ल ऐसे युगविधायक साहित्य-मनीषी थे, जिन्होंने हिंदी को विदेशी मकड़जाल से बाहर निकला और काव्यशास्त्र के संतुलित सिद्धांत स्थिर किये। उन्होंने जायसी, सूर, तुलसी के ग्रंथों के संस्करण तैयार किये और उनकी विद्वत्तापूर्ण भूमिकाएं लिखीं। ध्यातव्य है कि हिंदी शब्द-सागर की भूमिका के रूप में हिंदी साहित्य का इतिहास उस समय 'हिंदी साहित्य का विकास' शीर्षक से 1929 ई. में प्रकाश में आया था और धीरे-धीरे अलग संस्करण होने पर और बहुत सी बातें बढ़ाई जाती रहीं। सच्चाई यह है कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल भारतीय साहित्य के उन मनीषी एवं युगप्रवर्तक समीक्षकों में अन्यतम थे जो अपने गंभीर सृजन के चलते प्राचीन आचार्यों की कोटि में आते हैं। वे हिंदी के युग विधायक आलोचक तो थे ही- आधुनिक भारतीय साहित्य में भी उनकी टक्कर के समीक्षक नहीं हैं। उन्होंने हिंदी के शीर्षस्थ कवियों- जायसी-सूर-तुलसी की तत्त्वान्वेषी समीक्षा द्वारा न केवल हिंदी बल्कि आधुनिक भारतीय भाषाओं में साहित्य-समीक्षा का विशिष्ट मानदंड स्थिर किया। व्यावहारिक समीक्षा के साथ ही सैद्धांतिक समीक्षा के क्षेत्र में भी उनका अत्यंत महत्त्वपूर्ण योगदान माना गया। विशेषरूप से उन्होंने आधुनिक मनोविज्ञान और समकालीन युग-बोध के परिप्रेक्ष्य में रस-सिद्धांत की नूतन व्याख्या करते हुये उसकी पुनर्प्रतिष्ठा की। शुक्ल जी के विवेचनात्मक निबंध हिंदी की बहुमूल्य संपत्ति है। उनका 'हिंदी साहित्य का इतिहास' हिंदी साहित्य का विश्वकोष भी है। ऐतिहासिक बोध और सूक्ष्म साहित्य-विवेक के समन्वित यह इतिहास भारतीय साहित्य के इतिहासों में अतिविशिष्ट सिद्ध हुआ है। वस्तुतः शुक्ल जी की समीक्षात्मक कृतियों और उनके हिंदी साहित्य का इतिहास

तथा निबंधों को पढ़े बिना हिंदी साहित्य का वास्तविक अवबोध असंभव है। उनकी वजह से हिंदी विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय को आज भी पूरे देश-विदेश में मान-सम्मान से देखा जाता है।

हिंदी के आदि अध्यापक लाला भगवान 'दीन' और आचार्य शुक्ल जी ने ही मालवीय जी से काशी हिंदू विश्वविद्यालय में खुलने वाले हिंदी विभाग के अध्यक्ष के रूप में बाबू श्यामसुंदर दास के नाम की चर्चा की थी क्योंकि ये तीनों एक साथ नागरी प्रचारिणी सभा में पहले से कार्य कर चुके थे एवं एक दूसरे की योग्यता एवं संगठन-क्षमता से परिचित थे। बाबू साहब यानि श्यामसुंदर दास उस समय तक 'सभा' की गतिविधियों, नागरी प्रचारिणी पत्रिका और 'सरस्वती' आदि के प्रकाशन, हस्तलिखित ग्रंथों की खोज तथा अदालतों में देवनागरी लिपि के लिये चलाये जाने वाले आंदोलन में अपनी सक्रिय सहभागिता, हिंदोस्तानी के स्थान पर हिंदी की प्रतिष्ठा, साहित्य-सम्मेलन की स्थापना, हिंदी शब्द-सागर, हिंदी साहित्य का इतिहास, व्याकरण आदि के प्रकाशन की व्यवस्था के चलते पर्याप्त यश के भागी बन चुके थे। साथ ही कई शैक्षणिक संस्थानों में अध्यापन के साथ-साथ प्रशासनिक दायित्व के अनुभव से भी संपन्न थे। उस समय वह अकेले बी.ए. थे। हिंदी तथा अंग्रेजी बोलने-चालने में निपुण थे। फलतः मालवीय जी ने लोगों से सलाह-मशविरा करके उन्हें हिंदी विभाग का 1921 ई. में अध्यक्ष बना दिया। एम.ए. की प्रारंभिक कक्षाएं चूंकि 1922 ई. से चलने वाली थीं, इसलिये पाठ्यक्रम की तैयारी और पाठ्यपुस्तकों के निर्माण का भी दायित्व हिंदी विभाग पर ही था। स्वयं बाबू श्यामसुंदर दास ने अपनी 'आत्मकहानी' में हिंदी विभाग खोलने से लेकर तत्संबंधी आवश्यक तैयारी, अध्यापकों की नियुक्ति तथा उनके स्वभाव, योग्यता तथा अध्यापन-क्षमता आदि की समवेत रेखांकन किया है। कहना न होगा कि उस समय के इन अध्यापकों का समस्त सृजन विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम की आवश्यकता और अपेक्षा के समानांतर हुआ था, इसलिये उनमें सरलता और सादगी है।

अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' हिंदी विभाग में मालवीय जी द्वारा नियुक्त किये जाने वाले चौथे अध्यापक थे। ये मिडिल स्कूल के अध्यापक से कानूनगो बने थे और 1923 ई. में उस पद से निवृत्त होने के बाद काशी हिंदू विश्वविद्यालय में समायोजित हुये थे। 77 वर्ष की आयु तक काशी हिंदू विश्वविद्यालय को इनकी सेवाएं मिलीं। वृद्धावस्था के कारण बाद में ये महिला महाविद्यालय में अध्यापन करने लगे थे। इनकी सर्जनात्मकता को लक्ष्य कर मालवीय जी ने उन्हें अपने यहां आहूत किया था। 'प्रिय प्रवास' उनकी कीर्ति का आधार था। उनके सत्प्रयासों तथा पं. श्रीधर पाठक के सहयोग से हिंदी विषयक संभावनाओं के प्रति ब्रजभाषा के वृद्ध आचार्यों में यह विश्वास जन्मा कि खड़ी बोली में भी काव्य-रचना संभव है। हरिऔध जी ने स्वयं काव्य, नाटक, उपन्यास, नीति-ग्रंथ सब कुछ लिखा। एक समय उनके 'ठेठ हिंदी का ठाठ' और 'अधखिला फूल' ख्यात उपन्यास थे। 'ठेठ हिंदी का ठाठ' तो आई.सी.एस. की परीक्षा के पाठ्यक्रम में भी सरकार द्वारा स्वीकृत था। हिंदू विश्वविद्यालय में अध्यापन करते समय हरिऔध जी ने कबीर की रचनाओं को 'कबीर वचनावली' में संपादित किया था।

आचार्य केशव प्रसाद मिश्र हिंदी विभाग में 1928 ई. मालवीय जी द्वारा लाये गये ऐसे 5वें अध्यापक थे जो बनारस के सेंट्रल हिंदू स्कूल में छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों को सरल और सुबोध शैली में

इस तरह संस्कृत पढ़ाते कि वे अतिशीघ्र उसे पढ़ने, बोलने और लिखने में दक्ष बन जाते। वे भाषा विद् थे। अनेक भाषाओं के तलस्पर्शी विद्वान थे। शब्दों की व्युत्पत्ति, शब्द-निर्माण और शब्द-प्रयोग में बस एक ही थे। इसके लिये काशी के पंडित उनका लोहा मानते। अपने जमाने के वे मंजे हुये खड़ी बोली के कवि भी थे। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के अत्यंत स्नेह-पात्र थे। उनकी कविताएं सरस्वती, इंद्र, मर्यादा आदि में छपी थीं। केशवजी के रचना-कर्म का प्रमाणिक संग्रह इन पंक्तियों के लेखक का संपादित और समीक्षित एकमात्र ग्रंथ "हिंदी भाषा और साहित्य के सार्वजनिक क्षेत्र के निर्माता : आचार्य केशव प्रसाद मिश्र" हैं जो नमन प्रकाशन, दरियागंज, दिल्ली, वर्ष 2009 में प्रकाशित है। केशवजी 'मेघदूत' के हिंदी काव्यानुवाद के लिये एक समय आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी, आचार्य रामचंद्र शुक्ल आदि द्वारा अभिवंदित हुये थे। वे अपने संस्मरणों, निबंधों और संपादनों के लिये विद्वानों द्वारा सराहे गये। अपने समय में वे चलते-फिरते कोश कहे जाते। भाषा-विज्ञान जैसे शुष्क विषय भी अत्यंत सरस ढंग से पढ़ाते। जिन्होंने उनसे पढ़ा, अपने को भाग्यशाली माना। उनसे पढ़े लोगों में जो आज शरीर में है- डॉ. रीतिकंठ मिश्र, पूर्व प्राचार्य, डी.ए.वी. कॉलेज, वाराणसी, प्रो. नामवर सिंह, प्रो. रामदरश मिश्र- दिल्ली हैं। केशवजी भाषा-विज्ञान, साहित्यशास्त्र, अपभ्रंश और प्राचीन तथा आधुनिक हिंदी साहित्य के अधिकारी विद्वान थे। उनकी अध्यक्षता के काल में उनके सत्प्रयास से हिंदी विभाग के पाठ्यक्रम में छायावादी कवि और रचनाएं, विशेष रूप से 'कामायनी', 'आँसू', प्रेमचंद का 'गोदान' आदि लगे। 'कामायनी' के अध्यापन का उनका कोई जोड़ नहीं था। वे हिंदी विभाग के अप्रतिम अध्यापक थे जो रचनाओं की तह तक पहुंचते। 2 फरवरी 1941 को आचार्य शुक्ल के देहावसान के बाद उनके स्थान पर आचार्य और अध्यक्ष बने। 1950 ई. के सत्रांत तक इस पद को सुशोभित किया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की उन्होंने 22 वर्षों तक सेवा की और जिन ज्येष्ठ और कनिष्ठ सहयोगियों के साथ उन्होंने अपने अध्यापन की कीर्ति अर्जित की उनमें लालाजी, आचार्य शुक्ल, बाबू साहब, हरिऔध, डॉ. बड़थ्वाल, डॉ. जगन्नाथ प्रसाद शर्मा, आचार्य विश्वनाथ मिश्र, आचार्य नंददुलारे बाजपेई, पं. पद्मनारायण आचार्य, डॉ. श्रीकृष्ण लाल, डॉ. विजयशंकर मल्ल, पं. करूणापति त्रिपाठी, डॉ. राजपति दीक्षित एवं छैल बिहारी गुप्त जैसे लोग थे। वे 9 वर्षों तक हिंदी विभाग के अध्यक्ष रहे और पं. गोविंद मालवीय के कुलपतित्त्व में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को अपना उत्तराधिकार सौंपा। केशवजी के बारे में दुःखद पहलू यह रहा कि वे लिखने में बद्धमुष्ठि रहे। उन्होंने अपने ज्ञान और अन्वेषण का सर्वस्व अपने विद्यार्थियों को सौंप दिया, अपनी जगह उन्हें ही प्रकाश में लाने का उद्योग किया। उनकी रचनाशीलता और शोध दृष्टि को अनवरत तराशा।

डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल : लाला भगवानदीन के गोलोकवास के उपरांत उनके स्थान पर छठें अध्यापक के रूप में हिंदी विभाग में नियुक्त होने वाले डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिंदी के पहले डी.लिट्. थे। ये नाथसिद्धों, गोरख की बानियों, रामानंद की रचनाओं तथा भारतीय संस्कृति और साधना के विविध पक्षों को प्रकाशित करने, संत साहित्य के साथ हिंदी साहित्य के विविध क्षेत्रों को अपने शोध-समीक्षा से श्रीवृद्ध करने वालों में अन्यतम थे। हिंदी विभाग के आरंभिक अध्यापकों के निकट साहचर्य में जिन शुरूआती विद्यार्थियों ने अपनी साहित्यिक और विवेचनात्मक पटुता से हिंदी साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों को समृद्ध किया था, उनमें पं. अयोध्या नाथ शर्मा, लक्ष्मीनारायण सुधांशु, जनार्दन प्रसाद झा 'द्विज', नंददुलारे बाजपेयी आदि

प्रमुख थे, पर इन सबमें डॉ. बड़थ्वाल की शोध-दृष्टि सबसे प्रखर मानी जाती थी। इसीलिये उनके बारे में आचार्य शुक्ल ने अपने इतिहास में लिखा था- "सन् 1933 ई. में पद्मावत की कहानी और जायसी का अध्यात्मवाद शीर्षक जो एक छोटा सा निबंध बड़थ्वाल ने लिखा था, वह अत्यंत महत्त्वपूर्ण था। डॉ. बड़थ्वाल ने सैद्धांतिक विवेचन से अधिक ग्रंथ-संपादन और काव्य-प्रवृत्तियों के स्रोतों की खोजों में अपने को ज्यादा संलग्न किया है। साहित्य-सिद्धांतों की जगह उनके विवेचन में उनकी वृत्ति ज्यादा रची है।[2] बड़थ्वाल जी ने अपने डी.लिट् विषय के रूप में जिस जटिल और नवीन विषय का चुनाव किया था, वह लोगों के लिये चुनौती ही था। उनके बाद हिंदी विभाग में और पांच लोगों को डी.लिट् मिली और बाद में उसका दौर ही समाप्त हो गया। उसकी प्रक्रिया अत्यंत जटिल बना दी गई। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की अध्यक्षता के काल में हिंदी विभाग में पी-एच.डी. के उच्चस्तरीय शोध प्रबंध सामने आये। फिर बाद में स्तरहीन शोध-प्रबंधों का स्वरूप ही सामने आता गया जो आज बहुत विकृत रूप ले चला है। उस समय डॉ. बड़थ्वाल ने अपना शोध-प्रबंध अंग्रेजी में प्रस्तुत किया था, क्योंकि यही चलन था। बाद में इसका अनुवाद आचार्य परशुराम चतुर्वेदी और डॉ. भगीरथ मिश्र के सौजन्य से 1950 ई. में अवध पब्लिशिंग हाउस, लखनऊ से हुआ। उस समय इस प्रबंध की प्रशंसा देश-विदेश के चोटी के विद्वानों ने मुक्त कंठ से की जिसमें आदिकालीन हिंदी साहित्य की टूटी कड़ियों को जोड़ने का उपक्रम हुआ था। डॉ. बड़थ्वाल संत साहित्य के दृष्टि संपन्न अध्येता थे तथा 'सभा' में शोध-अनुसंधान में निरंतर लगे रहने से अपने आलोच्य विषय में पूर्णता को प्राप्त थे। सबके लिये जो दुरूह था, उनके सामने खुल चुका था। बड़थ्वाल जी के गुरूद्वय-आचार्य शुक्ल और लालाजी ने भक्तिकाल और रीतिकाल को हिंदी अध्येताओं के लिये अपने सुचिंतित अध्ययन और लेखन से प्रशस्त बना दिया था और रही-सही कसर डॉ. बड़थ्वाल जैसे सुयोग्य एवं मेधावी शिष्य ने हिंदी साहित्य की निर्गुण काव्यधारा के अभिनव विवेचन से पूरी कर दी। निश्चित रूप से ये सभी साधक अपने-अपने क्षेत्रों में युग-निर्माता थे और साहित्य-साधना को एक मिशन के रूप में लेते थे। डॉ. बड़थ्वाल का पठन-पाठन और शोध-अनुसंधान को छोड़कर और कोई दूसरा शगल न था। उन्होंने अनेक पुस्तकों का संपादन तथा उनकी अर्थगर्भ भूमिकाएं लिखीं। बाबू साहब को यह श्रेय दिया जाता है कि उन्होंने प्रतिभाओं को पहचाना और उनसे कड़े अनुशासन में उनका सर्वोत्तम लिखवा लिया। वे आचार्य शुक्ल हों या डॉ. बड़थ्वाल हों। इन दोनों को कठिन श्रम और अध्यवसाय में तत्पर करने वाले बाबू साहब ही थे। डॉ. शिवमंगल सिंह को डॉ. बड़थ्वाल से पढ़ने का सौभाग्य मिल चुका था और संत-साहित्य विषयक उनकी योग्यता और दृष्टि संपन्नता की उन्होंने बार-बार चर्चा की है। उनका कहना था कि डॉ. साहब कबीर पढ़ाते समय कबीरमय हो जाते थे। डॉ. बड़थ्वाल को हृदय से चाहने वालों में डॉ. चंद्रबली पांडेय और डॉ. हीरालाल जैसे मनस्वी सरस्वती-साधक थे। बाद में डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल डॉ. बड़थ्वाल के ही पदचिन्हों पर चले।

डॉ. बड़थ्वाल 8 वर्षों तक काशी में रहे और अपनी साहित्य-साधना का सर्वोत्तम हिंदी साहित्य को दिया। बाद में कुछेक कारणों से लखनऊ विश्वविद्यालय में चले गये, पर वहाँ कभी सुखी नहीं रहे। उनके शोधकार्य का ऐतिहासिक महत्त्व स्वीकार करने वाले विद्वानों में आचार्य शुक्ल, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी,

पं. परशुराम चतुर्वेदी, डॉ. संपूर्णानंद, डॉ. शंभुनाथ सिंह, डॉ. रामविलास शर्मा जैसे लोग रहे हैं। 24 जुलाई 1944 को मात्र 43 वर्ष की आयु में यह सरस्वती पुत्र हमें छोड़ गया।

आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र : वर्ष 1937 ई. में हिंदी विभाग में नियुक्त होने वाले आचार्यश्री यहां की आठवीं विभूति थे जो लेखनी के धनी और रीतिकालीन कवियों की ग्रंथावलियों को संपादित तथा उनके दुरूह अर्थों का मर्म खोलने में अत्यंत निपुण थे। ये रीतिमुक्त कवियों के प्रतिष्ठापक माने जाते हैं। घनानंद कवित्त की टीका इनकी अक्षय कीर्ति का स्मारक ग्रंथ है। आचार्य जी भरे कंठ से स्वीकार करते थे कि उनके निर्माण में भगवान रामचंद्र की एकमेक भूमिका है। भगवान से उनका आशय गुरूवर भगवान दीन से होता तो रामचंद्र से आशय रामचंद्र शुक्ल से। पढ़ाते समय अपने छात्र-छात्राओं के समक्ष गुरू-कृपा के स्मरण में उनका रोम-रोम उल्लासित और कृतज्ञता से भीगा होता। उनका आचार्य केशव दास, घनानंद, पद्माकर, भूषण आदि पर लिखा अतिविशिष्ट माना जाता है। इनका 'रामचरितमानस' का काशिराज संस्करण लोगों द्वारा आज भी सम्मानपूर्वक स्मरण किया जाता है जो 'मानस' की समस्त हस्तलिखित पोथियों के आधार पर तैयार किया गया था। हिंदी में आचार्य केशव प्रसाद मिश्र के बाद इनकी गणना अतिविशिष्ट तर्कपुष्ट समग्र अध्यापन के निमित्त की जाती है।

इनसे पढ़ा कोई भी पुरा छात्र अपने को भाग्यशाली मानता है। अध्यापन के क्षेत्र में संप्रेषण की जैसी क्षमता इनमें विद्यमान थी- वह अन्यत्र विरल है। इस तरह के महिमायुक्त अध्यापक, विचारशील शोध-संपादक, सुयोग्य टीकाकार तथा हिंदी भाषा-साहित्य के शीर्षस्थ विद्वान के रूप में हिंदी जगत आज भी उन पर गर्व करता है जिनके चलते विद्यार्थियों की आँखें खुली हैं, सारा कुहासा छंटा है और उनका अंतरबाह्य प्रकाशित हुआ है। इन्होंने जिस विषय को पढ़ाया, अपूर्व ढंग से पढ़ाया। पढ़ाते हुये वे उत्फुल्ल बने रहते। उनका प्रत्युत्पन्नमतित्त्व विलक्षण था। विपरीत परिस्थिति में भी किसी तरह के दैन्य को उन्होंने अपने पास फटकने नहीं दिया। अपनी शब्द-क्रीड़ा और वाग्मिता उन्होंने रीतिकालीन कविता के संसर्ग में पाई थी जिससे वे श्रोता समूह को चकित और विस्मित करते रहते। हिंदी के प्राचीन, मध्यकालीन साहित्य और साहित्यकारों का उन्होंने उद्धार किया। आधुनिक कविता में शिरमौर 'कामायनी' के अध्यापन में उन्हें महारत हासिल थी। प्रो. नामवर सिंह यद्यपि केशवजी के भक्त थे लेकिन मौका पड़ने पर वे आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र के अध्ययन की समग्रता और स्वच्छता का गुणगान करने से नहीं थकते। वे दो टूक शब्दों में स्वीकारते कि हिंदी में केशवजी के बाद ऐसा अध्यापक कोई दूसरा नहीं हुआ। आचार्य नंददुलारे बाजपेयी ने अपना प्रसिद्ध ग्रंथ "राष्ट्रीय साहित्य और अन्य निबंध" आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र को समर्पित करते हुए लिखा है- "जिनका समस्त साहित्यिक लेखन- ज्यों-ज्यों निहारिये नेरे ह्वै नैननि, त्यों-त्यों खरी निखरै सी निकाई" को चरितार्थ करता है।[3] आचार्य मिश्र के निष्ठावान पुरातन छात्र डॉ. कृष्णबिहारी मिश्र खेद के साथ लिखते हैं कि आचार्यश्री अपनी सारी योग्यता और प्रतिभा के बावजूद अपना सही प्राप्य भी हासिल नहीं कर सके। कठोर तपस्या और अर्जित वैदुस्य के बल पर उन्होंने अपने को शीर्ष सम्मान का अधिकारी बनाया। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले, हिंदी भाषा और साहित्य का राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान बढ़ाने वाले को स्वंय अपना विश्वविद्यालय समय पर उनका प्राप्तव्य नहीं दे सका क्योंकि शुचिता और स्वाभिमान का

उनमें इतना कठोर आग्रह था कि निजी स्वार्थ के लिये राजसत्ता के आनुकूल्य का कभी लाभ उठाना उन्हें स्वीकार न हुआ। आचार्यत्व की मर्यादा की उन्होंने सर्वदा रक्षा की। नरेश मेहता उनके शिष्य थे और उन्हें 'ऋषिकल्प आचार्य' कहते। मिश्रजी किसी छात्र की योग्यता का मूल्यांकन विवेक और धर्मबुद्धि की तुला पर करते रहे। अपनी न्यायनिष्ठा के वे अप्रतिम प्रतिमान थे। आचार्य शिवपूजन सहाय के समक्ष श्रद्धा से झुकते और मानते कि साधक संतों से साहित्यिक संत का महत्त्व किसी भी प्रकार कम नहीं होता। दोनों ही समान रूप से अपनी साधना से समाधि को प्राप्त होते हैं।[4]

हिंदू विश्वविद्यालय में जुलाई 1950 से 1960 तक लगभग बसंत की तरह आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी का यशस्वी कार्यकाल रहा, शोध-अनुसंधान, सर्जना के क्षेत्रों में यह विभाग पूर्णरूप से विकसित हुआ पर उनके चंडीगढ़ चले जाने के बाद उनके अनेक प्रातिम और सहयोगी-शिष्य-प्रशिष्य बाहर आश्रय ढूंढने के लिये विवश हुए और अपने मूल से उनका संबंध-विच्छेद हुआ। मसलन हिंदी के अद्वितीय आचार्य मिश्र को मगध का मुँह जोहना पड़ा, डॉ. नामवर सिंह, डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी, डॉ. रामदरश मिश्र, केदारनाथ सिंह, डॉ. विष्णु स्वरूप, डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी जैसे अधीन विद्वानों को आजीविका के लिये भटकना पड़ा, पर संतोष यह है कि वे जहाँ भी गये अपनी प्रतिभा और विद्या से हिंदी विभाग का, हिंदू विश्वविद्यालय का मान-सम्मान बढ़ाया। इनके जाने के बाद पूरे विभाग को अपने विद्या-वैभव और शील-सौजन्य से आत्मीयता के धागे में बांधने वाले न रहे।

आज वही विभाग है जहाँ के अध्यापक-अध्यापिकाएं पर्याप्त संसाधनों से परिपूर्ण हैं, अपने श्रम और साधना की तुलना में बढ़-चढ़कर पारितोषिक प्राप्त करते हैं, पर भीतर से, अपने स्वकर्म से सुख-शांति का अनुभव नहीं करते। यह दुःखद है। विश्वविद्यालयीय आचार्य का पद और उसकी देश और समाज में प्रतिष्ठा असमानांतर महत्त्व की है। शोध और अनुसंधान तथा सर्जना का सुख पहले के आचार्य अनुभव कर चुके हैं, पर यदि हम नहीं कर पा रहे हैं तो शताब्दी वर्ष पर इस विभाग से किसी भी रूप में जुड़े हम लोगों के आत्म-मंथन का यह गंभीर विषय होना चाहिये।

एंडनोट्स

---

[1] मिश्र, केशव. प्रसाद. द्रष्टव्य. हिंदी के सार्वजनिक क्षेत्र के निर्माता. दिल्ली: नमन प्रकाशन. संपादक-समीक्षक राय, प्रो. महेंद्र. नाथ. (2009). हिंदी विभाग. काशी हिंदू विश्वविद्यालय.

[2] सिंह, डॉ. शंभुनाथ. हिंदी साहित्य का वृहत् इतिहास. 13वां भाग. आलेख- पृ. 188.

[3] उपाध्याय, आचार्य. बलदेव. द्रष्टव्य : काशी की पांडित्य-परंपरा. पृ. 750

[4] मिश्र, डॉ. कृष्ण. विहारी. द्रष्टव्य : नेह के नाते. कलकत्ता.

ISSN : 2395-7468

भारत की आर्थिक नीति और दलितों की स्थिति
(तुलनात्मक अध्ययन)

डॉ. विकास कुमार एवं डॉ. एस. राधाकृष्णन्[1]

मानव जीवन में आर्थिक व्यवस्था सेतु का कार्य करती है। इतिहास इस तथ्य का साक्षी रहा है कि किसी भी युग में अधिकतर गतिविधियां अर्थ विचार एवं धन प्राप्ति से संचालित होती रही है। आज हम एक ऐसे युग व वातावरण में पहुंच चुके हैं, जहां आर्थिक शक्तियां एवं आर्थिक उपलब्धियां मन को आंतकित किए हुए है। आर्थिक दबाव के कारण ही, आज भारतीय समाज में अनेक परिवर्तन इस नई आर्थिक नीतियों के आयाम है। इस नई आर्थिक नीतियों की व्याख्या करने के पहले हम दलितों की आर्थिक नीतियों में भीमराव अंबेडकर की योगदान की चर्चा करेंगे, क्योंकि भारत की नई आर्थिक नीति, इस नीति की आधार पर खड़ी हुई है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के डॉ. नरेंद्र जाघव के इस दावे ने मुझे उस समय स्तब्ध कर दिया, जिस समय सभी प्रगतिवादी उदारीकरण के एक भाग के रूप में अवमूल्यन का स्वतः ही विरोध करते प्रतित हो रहे थे। किंतु दलित पृष्ठभूमि के ये अत्यधिक उच्च पदासिन अर्थशास्त्री जबकि उदारीकरण के समर्थक थे, अन्य लोग यह तर्क करने में उतने ही उतेजित थे कि “नई आर्थिक नीति दलितों को निष्ठुर रूप से प्रभावित करेगी क्योंकि अत्यावश्यक आरक्षण वैयक्तिकरण में खो जाएंगे और सामाजिक व्यय में कटौती ग्रामीण गरीबों पर सर्वाधिक आघात करेगी।[1] जबकि कुछ अन्य ने तर्क किया है कि विश्व अर्थव्यवस्था में सहभागिता मोहनजोदड़ो काल से ही दलित वंश परंपरा का एक भाग रही है, जबकि आर्य ब्राह्मण एवं उनके उत्तराधिकारी एक बन्द अर्थव्यवस्था को पसंद करते हैं।

भीमराव अंबेडकर ने अपने अनुयायिओं के लिए अर्थशास्त्र में अपनी उपाधि “बाबा साहब” कोलंबिया विश्वविद्यालय से प्राप्त की थी। घटनाओं से भरे हुए राजनीतिक जीवन के बावजूद उन्होंने अनेक पुस्तकें लिखने का समय निकाला, जिनमें से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से आर्थिक सिद्धांत से संबंधित है। बौद्धिक विमर्श के इन दिनों में क्या हम मार्क्सवादी परंपरा की अपेक्षा दलित परंपरा से, कोई मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है, इसलिए हम अंबेडकर की सिद्धांत निर्माण की विवेचना करते है।[2]

अंबेडकर का आर्थिक सिद्धांत: आर्थिक परंपरावाद का स्तर

अंबेडकर मार्क्स से भी अधिक प्राथमिक रूप से एक राजनीतिक सक्रियतावादी थे, बाबा साहब का आर्थिक चिंतन तीन स्तरों से होकर गुजरा। पहला स्तर- 1920 के दशक में उनके प्रारंभिक, बौद्धिक अधिक लेखनों में था, जिसने ब्रिटिश शासन के कठोर साम्राज्यवाद विरोधी किंतु उचित रूप से पुरातन पंथी उदारवादी आर्थिक मूल्यांकन को प्रस्तुत किया। दूसरा स्तर-1930-40 के दशकों में था, जब उस समय के

[1]पोस्ट डॉक्टोरल फेलो (यू.जी.सी., नई दिल्ली), समाजशास्त्र विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी (उ.प्र.)
Email : kumarvikash20@ymail.com

सामाजिक एवं राष्ट्रीय आंदोलन में एक केंद्रीय व्यक्ति के रूप में वे अर्थशास्त्र में अंबेडकर ने एक प्रकार की "द्वैत व्यवस्थाओं" के उपागम का प्रयोग किया, जिसमें ब्राह्मणवाद एवं पूंजीवाद को शोषण की समरूप व्यवस्थाओं के रूप में देखा गया था।[3]

तीसरी कालावधि- जाति, हिंदुत्व एवं बौद्ध मत पर उनकी ऐतिहासिक खोजों द्वारा चिन्हित तीसरी कालावधि उनके जीवन के अंत के निकट की थी, जब उन्होंने बौद्ध दर्शन का पूर्ण विकल्प खोज लिया।

"दि प्रॉब्लम ऑफ दि रूपी" (तदैव) ही वह पुस्तक थी जो नरेंद्र जाघव के इस दावे को उचित ठहराती है कि अंबेडकर ने अवमूल्यन विवाद पर विचार किया है। उस समय भारतीय पूंजीपति वर्ग ही पौंड के विरूद्ध अल्प रुपया चाहता था, जबकि ब्रिटिश अधिकारी तंत्र एक उच्च रुपया (पौंड के विरूद्ध अधिक) चाहता था। कुल मिलाकर, अंबेडकर ने काफी अधिक परंपरागत आर्थिक चिंतन का अनुसरण किया।[4]

ब्राह्मणवाद एवं पूंजीवाद का विरोध

अंबेडकर ने आर्थिक परंपरावाद के द्वितीय कालावधि 1930 एवं 1940 के दशकों में एक व्यापक जन उमड़ाव, महान मंदी के दबावों की स्पष्ट रूप से सफल आर्थिक प्रगति व इसमें उत्पन्न श्रमिक वर्ग के उक्त सुधारवाद के प्रभाव से वे वामपंथ की ओर मुड़ गए। यह वही कालावधि थी, जब उनकी दलित आधारित इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी, कृषकों एवं श्रमिकों को संगठित करने के लिए साम्यवादियों के साथ मिल गई और उन्होंने इसे "पूंजीवाद" एवं "ब्राह्मणवाद" दोनों के विरूद्ध होने वाले संघर्ष के रूप में सूत्रबद्ध किया। अंबेडकर ने 1938 में दलित रेलवे श्रमिकों के सम्मेलन में उन्होंने कहाँ-

"मेरी दृष्टि में दो दुश्मन है जिनका इस देश के श्रमिकों को सामना करना होगा। ये दो दुश्मन है ब्राह्मणवाद एवं पूंजीवाद से मेरा तात्पर्य एक समुदाय के रूप में ब्राह्मणों की शक्ति, विशेषाधिकारों एवं स्वार्थों से नहीं है। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व की आत्मा को नकारने से है। इस अर्थ में यह सभी वर्गों में प्रचलित है, और केवल ब्राह्मणों तक ही सीमित नहीं है, हालांकि इसके जन्मदाता वे ही है।"[5]

ब्राह्मणवाद एवं पूंजीवाद की "द्वैत व्यवस्थाओं" के साथ, फिर भी अनेक समस्याएं थी। वह स्वयं "स्टेट एंड माइनोरिटीज" में स्पष्ट हो गया, जिसमें ऐसा प्रतित होता है कि दो विषम खंड है। एक भूमिका राष्ट्रीयकरण एवं राज्य समाजवाद की वकालत करता हुआ और दूसरा दलितों के लिए पृथक ग्रामीण बस्तियों की मांग करता हुआ। इन दोनों के बीच का संबंध स्पष्ट नहीं था। दुसरे शब्दों में, द्वैत व्यवस्थाओं का सिद्धांत एक एकीकृत, साम्यवादी व्याख्या प्रस्तुत नहीं कर सका। इसने मार्क्सवाद के साथ-साथ अंबेडकर की प्रारंभिक भिड़ंत को प्रतिबिंबित किया, जब उन्होंने इसको बलपूर्वक कहा कि "जाति" को एक वर्ग उपागम के साथ जोड़ना चाहिए किंतु एक समग्र वैकल्पिक सिद्धांत का विकास नहीं किया।[6]

इस प्रकार, हमें बुद्ध अथवा कार्ल-मार्क्स से बहुत अधिक अर्थ निकालने का प्रयास नहीं करना चाहिए, यह अधिकतम रूप में आर्थिक चिंतन की एक दिशा उपलब्ध कराती है, किंतु किसी भी प्रकार

पूर्णतया विकसित एक आर्थिक सिद्धांत यह नहीं प्रस्तुत करता है। क्या अंबेडकर ने वैयक्तिकरण का विरोध किया होता अथवा उदारीकरण का समर्थन किया होता? इस स्तर पर वक्तव्य काफी अंशों में अनुमान मात्र रह जाते है। किंतु ऐसा प्रतित होता है कि उनके उपागम का एक बड़ा भाग व्यावहारिक ही होता, राज्य, बाजार एवं समुदाय की सर्वाधिक प्रभावकारी सम्मिश्रण को खोजता हुआ, कि वे ऐसे वैश्वीकरण के स्पष्ट रूप से पक्षधर होते जो दलितों एवं अन्य निर्धन वर्गों को एक विश्वपरंपरा में उनका पूर्ण स्थान स्थापित करने में सहायक होता, क्योंकि वे दोनों ही सर्वांगिण आर्थिक विकास तथा समुदाय के निर्धनतम एवं सर्वाधिक वंचित भागों पर इसके प्रभार के विषय में चिंतित होते। वे संपत्ति के अधिकारों का दमन करने के लिए राज्य शक्ति के उपयोग की अवसरिक आवश्यकता को अस्वीकार नहीं करते, वे धनार्जन को एक बुराई के रूप में नहीं वरन् संपत्ति निर्माण की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में देखते और वे महत्त्वपूर्ण मामलों के एक समुदाय में ऐच्छिक सहभाजन को समानता प्राप्त करने में प्राथमिक साधन के रूप में देखते है।

नयी आर्थिक नीति और उसका दलित वर्ग पर प्रभाव

उन्नसवी शताब्दी में पूंजीवाद, व्यक्तिवाद व व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बोलबाला रहा, और अधिकांश राष्ट्र "उन्मुक्त व्यापार नीति" व "आर्थिक स्वतंत्रता" के समर्थक रहे, किंतु पिछली अर्द्धशताब्दी में रूसी क्रांति, विश्वव्यापी आर्थिक मंदी, तकनीकि प्रगति, सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के कारण राष्ट्रों ने आर्थिक नियोजन का महत्त्व समझा और नियोजित अर्थव्यवस्था अपनाने पर जोर दिया। इस प्रकार, वर्तमान युग "नियोजन का युग" है और विश्व में लगभग सभी देश अपने विकास व उन्नति के लिए आर्थिक नियोजन से जुटे हुए है।

भारत ने देश की निर्धनता, विभाजन से उत्पन्न आर्थिक असंतुलन तथा समस्याएं, बेरोजगारी की समस्याएं, औद्योगीकरण की आवश्यकता सामाजिक तथा आर्थिक विषमताएं, धीमी गति से विकास, विस्फोटक जनसंख्या आदि कई कारणों से इन समस्याओं का निवारण व देश के समुचित आर्थिक विकास के लिए आर्थिक नियोजन की अवधारणा को स्वीकार किया।

आर्थिक नियोजन का उद्देश्य था- आर्थिक समानता, अवसर की समानता, अधिकतम उत्पादन, पूर्ण रोजगार तथा अविकसित क्षेत्रों का विकास। आय की समानता धनी वर्ग से अधिक कर द्वारा प्राप्त आय को निर्धन वर्ग को सस्ती सेवाएं- चिकित्सा, शिक्षा, सामाजिक बीमा, सस्ते मकान आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने पर व्यय करके ही की जा सकती है, राष्ट्र के समस्त नागरिकों को जीवकोपार्जन के समान अवसर प्रदान करके असमानता को दूर किया जा सकता है। रोजगार उपलब्ध कराना भी नियोजन का उद्देश्य है, नियोजन द्वारा राष्ट्र के समस्त कार्य योग्य नागरिकों के लिए रोजगार का प्रबंध करना भी आवश्यक है। संपूर्ण राष्ट्र के जीवनस्तर में समानता स्थापित करने हेतु राष्ट्र के अविकसित तथा अर्द्धविकसित क्षेत्रों को राष्ट्र के अन्य उन्नत क्षेत्रों के समान करना भी नियोजन का प्रमुख ध्येय था। नियोजन के सामाजिक उद्देश्यों में वर्ग रहित समाज की स्थापना करने का लक्ष्य सम्मानित है।

स्वतंत्र भारत में योजना आयोग की स्थापना 15 मार्च 1950 को हुई। योजना आयोग के कार्यकलापों को ध्यान में रखते हुए उनमें सरकारी नेताओं तथा विशेषज्ञों दोनों को ही रखना अनिवार्य था, क्योंकि योजना की स्वीकृति तथा क्रियान्विति के लिए राजनेताओं का होना अधिक महत्त्वपूर्ण था। नियोजन का उद्देश्य निर्धारित करते समय देश की परिस्थितियों एवं समस्याओं को ध्यान में रखना होता है। अतः भारत जैसे विकासशील देश के संदर्भ में नियोजन का मुख्य उद्देश्य तीव्र गति से देश का आर्थिक विकास है। इस मुख्य उद्देश्य की प्राप्ति के लिए रोजगार में वृद्धि, आर्थिक स्थिरता, आत्मनिर्भरता आदि उद्देश्यों को विभिन्न योजनाओं में पर्याप्त स्थान दिया गया है।

राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं के संबंध में सन् 1991 में दिये गए अनेक नीति विषयक वक्तव्यों ने इस नई आर्थिक नीति को स्पष्ट तथा ठोस रूप प्रदान किया है। इस नई आर्थिक नीति की संभवतः सबसे प्रमुख विशेषता निजी क्षेत्र के विनियमन एवं नियंत्रण में ढील देने से संबंधित है। पुराने नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र के संचालन पर अनेक एवं कड़े प्रतिबंध लगे हुए थे। इन प्रतिबंधों की शिथिलता का प्रभाव पीड़ितों, दलितों के हित में रहा है। इससे समाज के दलित वर्ग के लोगों को कमजोर आर्थिक दशा वालों को मध्यम आय वर्ग के लोगों को भी निवेश, उत्पादन एवं बिक्री आदि के क्षेत्र में अधिक स्वतंत्रतापूर्वक कार्य के अवसर प्राप्त हुए है।

नई आर्थिक नीति के कारण राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को विश्व अर्थव्यवस्था से जोड़ दिया गया है। विदेशी उद्यमियों को निवेश व्यापार तथा तकनीक के क्षेत्र में आकर्षित करने के लिए अनेक उदारपूर्ण सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। निर्यात के क्षेत्र में ऐसे कदम उठाये गए है जिससे नये निर्यातक आसानी से प्रवेश कर सके, ताकि प्रतियोगिता बढ़ सके। इस प्रकार, नई आर्थिक नीति ने उन्नत सामाजिक अर्थव्यवस्था को खुला रूप प्रदान किया है। निर्यात को बढ़ाया है। इस प्रकार, नई आर्थिक अर्थव्यवस्था को विकसित करने वाली तथा दलितों का उत्थान करने वाली है।[7]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि नई आर्थिक में नियंत्रणों और प्रतिबंधों की प्राचीन परिपाटी से मुक्त निजी क्षेत्र के विस्तारण की प्रवृत्ति को शक्ति प्रदान की गई है। इससे प्रतियोगिता को बल मिला है। इस नीति में तकनीक में सुधार लाने एवं निर्यात संवर्धन के लिए सुविधाओं और बाध्यताओं का भी समावेश हुआ है। इस यह नीति मिश्रित अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा की ओर मोड़ने में समर्थ है। देश को इस दिशा की ओर बढ़ाया जा रहा है, क्योंकि इससे आर्थिक स्तर उन्नत होगा, नई आर्थिक नीति के प्रभाव से उदारीकरण की प्रवृत्ति बढ़ाने से नियंत्रणों के घटने से उत्पादकता बढ़ने से सभी वर्ग के लोगों को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का सुअवसर उपलब्ध होगा। व्यापार का विस्तार होगा। लोगों की कार्यकुशलता व कार्यक्षमता बढ़ेगी। उत्पादन बढ़ेगा। आयात-निर्यात बढ़ेगा। काम के सुअवसर बढ़ेंगे। प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगा। लोगों का जीवनस्तर ऊंचा होगा। देश विकसित राष्ट्र के रूप में उभरेगा, इसलिए नई आर्थिक नीति 'सर्वजनहिताय, सर्वसुखाय' है। इस नीति से सभी मानव जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर है, वे जन्म से चाहे ब्राह्मण हो, या अस्पृश्य अथवा किसी भी क्षेत्र के हो, अथवा किसी भी धर्म अथवा सम्प्रदाय के हो जो निम्न जीवनस्तर के

हो, जो अधम एवं नारकीय जीवनयापन हेतु विवश है, जो गरीबी रेखा के नीचे है या अति गरीब है, जो भी समाज में उचित प्रतिष्ठा एवं सम्मान नहीं पा रहा हो, वे दलित है, शोषित है। इन सभी को नई आर्थिक नीति के द्वारा आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति में वृद्धि होगी।

संदर्भ ग्रंथ

1. अंबेडकर, बी. आर. (1918). स्मॉल होल्डिंग्स इन इंडिया एंड देयर रेमेडीज. जर्नल ऑफ इंडियन इकोनॉमिक सोसाइटी. अंक-1, पुनमुर्दित, अंबेडकर, डॉ. बाबा. साहब. (1979). राइटिंग्स एंड स्पीचेज. (1).
2. अंबेडकर, बी. आर. (1979). डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर राइटिंग्स एंड स्पीचेज. खंड-1, बाम्बे गवर्नमेंट ऑफ महाराष्ट्र.
3. डोगरे, एम. के. (1974). इकोनॉमिक थॉट्स ऑफ डॉ. बी. आर. अंबेडकर, अंबेडकर समाज. नागपुर.
4. अहिर, डी. सी. (1972). डॉ. अंबेडकर एंड इंडियन कान्स्ट्रयूिशन. बुद्ध विहार. लखनऊ.
5. दि टाइम्स ऑफ इंडिया, (1938, जनवरी 14) में प्रतिवेदित।
6. वही.
7. सिंह, आर. जी. (1986). भारतीय दलितों की समस्याएं एवं उनका समाधान. मध्यप्रदेश: हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल.

ISSN : 2395-7468

महामना का गो-पालन चिंतन

प्रो. दिनेश चंद्र राय[1]

"यदि हम गायों की रक्षा करेंगे तो गाय हमारी रक्षा करेंगी"

- पंडित मदन मोहन मालवीय

भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय एक महान विद्वान, शिक्षाविद् एवं राष्ट्रीय आंदोलन के नेता थे। उन्होंने वर्ष 1906 में हिंदू महासभा की स्थापना की और 4 फरवरी, सन् 1916 ई. (माघ शुक्ल प्रतिपदा, संवत् 1972) काशी में, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, की स्थापना की। मालवीय जी का देशप्रेम, क्रियाशक्ति, बुद्धि, संकल्प तथा तप और त्याग साक्षात् काशी विश्वविद्यालय के रूप में मूर्तिमान हुआ। विश्वविद्यायल के उद्देश्यों में संसार के हित के लिये भारत की विविध विद्याओं, कलाओं, कृषि, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी की शिक्षा को प्राथमिकता दी गई। उसके विशाल तथा भव्य भवनों एवं विश्वनाथ मंदिर में भारतीय स्थापत्य कला के अलंकरण भी मालवीय जी के आदर्श के ही प्रतिफल हैं। उनकी 153वीं जयंती के एक दिन पहले, 24 दिसंबर, 2014 को उन्हें (मरणोपरांत) भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

उन्होंने जनबल तथा मनोबल में नित्यशः क्षयशील हिंदू तथा हिंदू संगठन का शिाक्तशाली आंदोलन चलाया और स्वयं अनुदार सहधर्मियों के तीव्र प्रतिवाद झेलते हुए भी कलकत्ता, काशी, प्रयाग और नासिक में भंगियों को धर्मोपदेश और मंत्रदीक्षा दी। करूणामय हृदय, भूतानुकंपा, मनुष्यमात्र में अद्वेष, शरीर, मन और वाणी के संयम, धर्म और देश के लिये सर्वस्व त्याग, उत्साह और धैर्य, नैराश्यपूर्ण परिस्थितियों में भी आत्मविश्वासपूर्वक दूसरों को असंभव प्रतीत होने वाले कर्मो का संपादन, वेशभूषा और आचार विचार में मालवीय जी भारतीय संस्कृति के प्रतीक तथा ऋषियों के प्रणवान स्मारक थे।

मालवीय जी को ऋषिकुल हरिद्वार, गोरक्षा और आयुर्वेद सम्मेलन, सेवा समिति तथा अन्य कई संस्थाओं को स्थापित अथवा प्रोत्साहित करने का श्रेय प्राप्त है। गोवंश संरक्षण और संवर्द्धन के लिए पंडित मदनमोहन मालवीय ने वर्ष 1935 में मथुरा-वृंदावन मार्ग पर हासानंद गोचर भूमि की स्थापना कर एक हजार एकड़ भूमि को गोचारण के लिए दान दिया। गोचरभूमि ट्रस्ट के ट्रस्टी, महामना मदन मोहन मालवीय के पौत्र और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गिरधर मालवीय ने बताया कि महामना के पुण्यमय प्रयासों का परिणाम यह गोचरभूमि आज ब्रज की अग्रणी गोशाला के रूप में प्रतिष्ठित है। यहां हजारों गायों की सेवा होती है। गोचर भूमि के लिए महामना द्वारा दान दी गई एक हजार एकड़ भूमि आज भी गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान को स्मरण करा रही है।

[1] पशु पालन एवं दुग्ध विज्ञान विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी.

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के परिसर में मलीवीय जी द्वारा 1946 में गौशाला की स्थापना की गई। मालवीय जी का विचार था कि "भारत के लिए वह परम सौभाग्य का दिन होगा, जब देश के कोने-कोने में गौ संस्थाएँ होगी, जिसका मुख्य काम होगा जन सामान्य को शुद्ध एवं सस्ता दूध पहुंचाना"। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं अध्यापको को पशुपालन एव दुग्ध विज्ञान की जानकारी के साथ-साथ शुद्ध दूध मिल सके। इसी क्रम में सन् 1981 ई. में कृषि विज्ञान संस्थान के अंतर्गत पशुपालन एव दुग्ध विज्ञान विभाग की स्थापना की गई।

गाय भारत देश की सांस्कृतिक और आर्थिक बुनियाद है। हिंदू धर्म में यह विश्वास है कि गाय देवत्त्व और प्राकृतिक कृपा की प्रतिनिधि है, हिंदू धर्म में गाय को माँ (गौ माता) कहते है और गाय की पूजा मूल आरंभिक वैदिक काल से की जा रही है। महाभारत व मनुस्मृति और ऋग्वेद में दुधारू गाय को पहले से ही 'अवध्य' कहा गया था। गाय को अग्रेजी में 'Cow' वैज्ञानिक नाम बोस टौरस 'Bos Taurus' कहा जाता है। इससे हमें उत्तम किस्म का दूध प्राप्त होता है। रेड सिंधी, साहिवाल, गिर, देवनी, थारपार्कर आदि नस्लें भारत में गायों की प्रमुख नस्लें हैं। भारत में गाय की 32 नस्लें पायी जाती हैं।

गाय की पूज्यता का संकेत इसके उत्पादों का विभिन्न संस्कारों में प्रयोग एव औषधि शुद्धिकरण में पंचगव्य (गाय के पांच उत्पाद, दूध, दही, मक्खन, मुत्र और गोबर) के प्रयोग से मिलता हैं। इस तथ्य के आधार पर कि उसके उत्पाद पोषण प्रदान करते है। गाय को मातृत्त्व और धरती माँ से भी संबंध किया गया।

धार्मिक महत्त्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गाय के शरीर में 33 करोड़ देवता वास हैं और इनकी सेवा करने से एक साथ 33 करोड़ देवता प्रसन्न होते हैं। इंद्र मनोकामना पूर्ण करने वाली गाय, कामधेनु के निकट से संबंध, कृष्ण अपनी युवा अवस्था में एक ग्वाले के रूप में जाने जाते हैं। मालवीय जी का सनातन धर्म व हिंदू संस्कृति की रक्षा और संवर्धन में योगदान अनन्य हैं।

आ गावो अग्मन्नुत भद्रकमन् सीदंतु गोष्मेरणयंत्वस्मे।
प्रजावतीः पुरुरूपा इहस्स्युरिंद्राय पूर्वीरुष्सोदुहानाः।।
यूयं गावो में दयथा कृशं चिदश्रीरं चित्कृणुथा सुप्रतीकम्।
भद्र गृह कृणुथ भद्रवाचो बृहद्वो वय उच्यते सभासु।।

भगवान कृष्ण ने श्रीमत भगवत गीता में कहा है 'धेनुनामसिम मैं गायों में कामधेनु हूं। कामधेनू का वर्णन पौराणिक गाथाओ में एक ऐसी चमत्कारी गाय के रूप में मिलता है जिसमें दैवीय शक्तियाँ थी और जिसके दर्शन मात्र से ही लोगों के दुखः व पीड़ा दूर हो जाती थी, या कामधेनु जिसके पास होती थी उसे हर तरह से चमत्कारिक लाभ होता था। उसका दूध अमृत के समान था। देवताओं में भगवान विष्णु, सरोवरों में समुद्र, नदियों में गंगा, पर्वतों में हिमालय, भक्तों में नारद, सभी पुरियों में कैलाश, संपूर्ण क्षेत्रों में केदार जो क्षेत्र

के प्रकार से श्रेष्ठ है, उसी प्रकार गायो में कामधेनु सर्वश्रेष्ठ हैं। कामधेनु सबका पालन करने वाली हैं। माता स्वरूपिणी है, सब इच्छाएं पूर्ण करने वाली हैं। महर्षि वशिष्ट के आश्रम में भी कामधेनु उनकी समस्त आवश्यकताओं को पूर्ण करती थीं। विश्वामित्र इसी कामधेनु को प्रात्र करने के लिए वशिष्ठ पर नारायणस्त्र, ब्रहमास्त्र व पाशुपतास्त्र का संधान किया था परंतु कामधेनु के आशीष से सभी अस्त्र-शस्त्र निर्मूल सिद्ध हुए थे।

सामाजिक महत्त्व

19वीं शताब्दी के बाद के दशकों में विशेषकर उत्तरी भारत में एक गो रक्षा आंदोलन शुरू हुआ, जिसने हिंदुओं को एकीकृत करने और एक समूह के रूप में उन्हें मुसलमानों से अलग करने का प्रयास यह मांग करके किया कि सरकार गो-हत्या पर प्रतिबंध लगाए। राजनीतिक और धार्मिक उद्देश्यों का यह घालमेल समय-समय पर कई दंगों का कारण बना।

हिन्दू धर्म के अनुसार गाय की हत्या को ब्रह्म हत्या जैसा निंदनीय कार्य माना जाता है। ईसा शताब्दी में गुप्त वंश के राजाओं द्वारा गाय की हत्या करने पर मृत्युदंड का प्रवाधान किया गया था।

पं. मदन मोहन मालवीय जी के अनुसार "भारतीय संविधान में सबसे पहली धारा संपूर्ण गौवंश हत्या निषेध की बने"। गाय निर्बल दीन-हीन जीवों का प्रतिनिधित्त्व करती है, सरलता, शुद्धता और सात्विकता की मूर्ति है। गौ माता की पीठ में ब्रह्मा, गले में विष्णु और मुख में रुद्र निवास करते हैं, मध्य भाग में सभी देवगण और रोम रोम में सभी 'महर्षि' बसते हैं। श्रीकृष्ण को हम गोपाल कृष्ण, गोविंद कहते हैं। गाय पृथ्वी, ब्राह्मण और देव की प्रतीक है। गौ रक्षा और गौ संवर्धन हिंदुओं के आवश्यक कर्तव्य माने जाते हैं। सभी दानों में 'गोदान' का महत्त्व सर्वाधिक माना जाता है।

हिंदू संस्कृति के अनुसार जिस घर में गाय निवास करती हैं एवं जहां गौ सेवा होती है, उस घर से समस्त समस्याएँ कोसों दूर रहती हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार गाय को अपनी माता के समान सम्मान दिया जाता हैं इसलिए गाय को गौ-माता कहकर पुकारते हैं।

औषधीय महत्त्व

हिंदू धर्म में गाय के दूध को अमृत तुल्य माना जाता है और वास्तव में है भी, गाय का दूध सब से ज्यादा पौष्टिक एवं पाचक होता है, जो माँ अपने नवजात बच्चों को अपना दूध पिलाने में असमर्थ होती है, तो उन नवजात बच्चों को गाय का दूध ही पिलाया जाता है क्योकि गाय का दूध इतना सुपाच्चय और हल्का होता है कि उसको छोटा बच्चा भी पचा लेता है।

दूध पियो कसरत करो, नित्य जयो हरिनाम।
मन लगाई विद्या पढ़ो, पूरेगें सब काम॥

-पंडित मदन मोहन मालवीय

- गाय का दूध अमृत के समान है, गाय से प्राप्त दूध, घी, मक्खन से मानव शरीर पुष्ट बनता है।
- गाय के गोबर का प्रयोग चुल्हें बनाने, आंगन लीपने एवं मंगल कार्यो में लिया जाता है, और यहाँ तक कि गाय के मूत्र से भी विभिन्न प्रकार की दवाईयां बनाई जाती है।
- गाय के मूत्र में कैंसर, टीवी जैसे गंभीर रोगों से लड़ने की क्षमता होती हैं, जिसे वैज्ञानिक भी मान चुके है, तथा गौ-मूत्र के सेवन करने से पेट के सभी विकार दूर होते हैं।
- ज्योतिष शास्त्र में भी नव ग्रहों के अशुभ प्रभाव से मुक्ति पाने के लिए गाय का ही वर्णन किया गया हैं।
- यदि बच्चे को बचपन में गाय का दूध पिलाया जाए तो बच्चे की बुद्धि कुशाग्र होती हैं।
- हाथ-पांव में जलन होने पर गाय के घी से मालिश करने पर आराम मिलेगा।
- जल जाने वाले स्थान या घाव को पानी से धोकर गाय का घी लगाने से फफोले कम हो जाते हैं और जलन कम हो जाती हैं।
- बच्चों को सर्दी या कफ की शिकायत हो जाए तो गाय के घी से छाती और पीठ पर मालिश करने से तुरंत आराम मिलता है।
- किसी मनुष्य को अगर हिचकी आये तो उसे रोकने के लिये आधा चम्मच गाय का घी पिलाने से हिचकी रूक जाती है।
- गाय के मूत्र में पोटेशियम, सोडियम, नाइट्रोजन, फास्फेट, यूरिया, यूरिक एसिड होता है, दूध देते समय गाय के मूत्र में लेक्टोज की वृद्धि होती है। जो हृदय रोगों के लिए लाभकारी हैं।
- गाय का दूध शक्तिशाली होता है उसे पीने से मोटापा नहीं बढ़ता तथा स्त्रियों के प्रदर रोग आदि में लाभ होता हे। गाय के गोबर के कंडे से धुआं करने पर कीटाणु, मच्छर आदि भाग जाते हैं तथा दुर्गंध का नाश होता है।
- गाय के समीप जाने से ही संक्रामक रोग कफ सर्दी, खांसी, जुकाम का नाश हो जाता है। गौ मूत्र का एक पाव रोज़ सुबह ख़ाली पेट सेवन करने से कैंसर जैसा रोग भी नष्ट हो जाता है।
- गाय के गोबर में विटामिन बी-12 प्रचुर मात्रा मंे पाया जाता है। यह रेडियोधर्मिता को भी सोख लेता है।
- कृषि में गाय के गोबर की खाद्य, औषधि और उद्योगों से पर्यावरण में क़ाफी सुधार है। जुताई करते समय गिरने वाले गोबर और गौमूत्र से भूमि में स्वतः खाद डलती जाती है।

आर्थिक महत्त्व

गौ रक्षा का मामला देश के आर्थिक विकास से जुड़ा है। भैंस की तुलना में गाय के दूध में पौष्टिक तत्त्व ज्यादा होते हैं।

गाय भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी रही है। पशुपालक बहुत कम खर्चे में गाय का पालन कर लेते हैं, हिंदू धर्म में गाय को कामधेनु कहा जाता है।

"गौ-दुग्ध के बिना राष्ट्र की संतानो का समुचित सिंचन व विकास नहीं हो सकता। संतानों के कुपोषित होने से राष्ट्र का वर्तमान एवं भविष्य दोनों कमजोर होगा।"

-पंडित मदन मोहन मालवीय

- आज गौ पालन से देश में करोड़ों लोगों को रोजगार प्राप्त होता है।
- वर्तमान समय में भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व के शीर्ष स्थान पर विद्यमान है। भारत का कुल दुग्ध उत्पादन 1460 लाख टन है व विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन में 18% का योगदान दे रहा है।
- भारत वर्ष के कुल सकल घरेलू उत्पाद में पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान का 5% का योगदान है जोकि कृषि क्षेत्र का लगभग 30% है।
- भारत वर्ष में कुल गौधन 1930 लाख है जोकि विश्व गौधन संख्या का एक चौथाई है।
- भारत के कुल दुग्ध उत्पादन में गौवंश का लगभग 40% का अमूल्य योगदान है।
- पशु पालन उद्योग एवं दुग्ध उत्पाद के निर्यात से भारत को करोड़ों रुपए की विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है।
- चाय, कॉफी जैसी लोकप्रिय पेय पदार्थों में दूध एक जरूरी पदार्थ है, भारत में ऐसी अनेक मिठाईयां हैं जो गौ दूध पर आधारित होती है। दही, मक्खन और घी भारतीय भोजन के आवश्यक अंग हैं।
- घी में तले व्यंजनों का स्वाद अप्रतिम होता है। छाछ न केवल प्यास बुझाती हैं बल्की बहुत से प्रचलित व्यंजनों का आधार है।

पंडित मदन मोहन मालवीय जी ऐसे युगपुरुष हैं, जिन्होने लोक जीवन की पवित्रता और प्रामणिकता के लिए हर उस साधन पर ध्यान दिया जो शक्ति और ऊर्जा प्रदान करता रहा है। मालवीय जी ने हिंदू आस्था के बल को पहचाना। उनको गंगा, गाय एवं गणेश में केवल धार्मिक निहित ऊर्जा का उन्हें पता था। इसलिए वह गंगा एवं गाय की चिंता जीवनभर करते रहे। मालवीयजी को गौ-रक्षा, गौ-पालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए सदैव जाना जाता रहेगा।

बाज़ार की भाषा और भाषा का बाज़ारीकरण
(हिंदी : विकास, विमर्श और प्रतिमानीकरण)

प्रभाकर सिंह[1]

सोलहवीं-सत्रहवीं सदियों में उत्तर भारत के बिखरे हुए बाज़ार एक दूसरे से संबद्ध हुए। यूरोप के व्यापारी अवध का बना हुआ कपड़ा आगरे में खरीदते थे। यूरोपीय यात्रियों के अनुसार सत्रहवीं सदी में आगरे की आबादी छः लाख थी। पेलसोर्ट ने लिखा था कि गुजरात, सिंध, लाहौर, दकन हर तरफ का माल आगरे से गुजरता है, सड़कों पर बेशुमार माल खासकर सूती माल ढोया जाता है। पटना, बनारस, लखनऊ ये सभी शहर सूती कपड़े के व्यापार-केंद्र थे। मुगल शासन के अंतर्गत, आर्थिक और राजनीतिक दोनों रूपों में वे परस्पर संबद्ध थे। इन बड़े नगरों में आसपास के देहात से जुलाहों की बड़ी तादाद सिमट आती थी। रोटी-रोजी की तलाश में अलग-अलग बोलियां बोलने वाले लोग इन शहरों में इकट्ठा होते थे। इनमें आपस के व्यवहार के लिए किसी सामान्य भाषा की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता को पूरा किया व्यापारी वर्ग से संबद्ध 'खड़ी बोली' ने।

भाषा का विकास साहित्य और संस्कृति से अधिक व्यापार और वाणिज्य से जुड़ा हुआ है। किसी भी समाज में भाषाई विकास की प्रक्रिया अर्थ और व्यापार के विकास के समानांतर ही विकसित होती है। किसी भी देश में सामंती व्यवस्था की सीमायें टूटती हैं, पूंजीवाद का विकास होता है। पूंजीवाद के विकास के साथ वर्णव्यवस्था और सामंती व्यवस्था कमजोर पड़ने लगती है। इस प्रक्रिया में व्यापारी, उत्पादक वर्ग और श्रमिकों की भूमिका अग्रणी होती है। कहना न होगा कि व्यापार और उत्पादन के इस विकास प्रक्रिया में पहले घरेलू और स्थानीय बाज़ार का निर्माण होता है। यों कि यह प्रक्रिया सामंती व्यवस्था में ही चिन्हित की जा सकती है जहां गांवों, कस्बों और छोटें शहरों में छोटे-छोटे बाज़ार और मेले लगते हैं। ये इन विशेष मेलों के अवसर पर दूर-दराज इलाके के व्यापारी आमजन क्रय-विक्रय करते हैं। छोटे-छोटे इन बाज़ारों को मिलाकर एक बड़े बाज़ार का निर्माण होता है। बाज़ार और व्यापार का यह रूप जैसे-जैसे विकसित होता है, बड़ा होता है वैसे-वैसे इसमें व्यापारियों, कारीगरों, किसानों और श्रमिकों की भूमिका अग्रणी होती है। इसी प्रक्रिया में जातीय निर्माण की प्रक्रिया भी घटित होती चलती है। व्यापार के इस प्रसार में जमींदारों और पुरोहितों की भूमिका कमज़ोर पड़ती है। व्यापारी, किसान और कारीगरों की भूमिका अधिक हो जाती है। हिंदी भाषा के जातीय निर्माण और प्रसार में भी यही प्रक्रिया घटित हुई। अवधी, ब्रज और खड़ीबोली के विकास में यही व्यापार, वाणिज्य और बाज़ार का निर्माण मूल में रहा।

जातीय भाषा के रूप में हिंदी और सहवर्ती जनपदीय बोलियां

जातीयता का प्रमुख चिन्ह है भाषा। जाति के निर्माण से भाषा के गठन और विकास का घनिष्ठ संबंध है। दिल्ली के आस-पास के प्रदेश की भाषा क्यों हमारी जातीय भाषा बन गई? कुछ लोग इसके लिए

[1] सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी. मो॰ - 9450623078

विशुद्ध भाषागत कारण ढूढ़ने का प्रयत्न करते हैं। खड़ीबोली में कुछ ऐसे 'गुण' थे जो ब्रज, अवधी आदि में नहीं थे। इसलिए उसने ब्रजभाषा को अपदस्थ कर दिया। इसके विरूद्ध ब्रजभाषा-प्रेमी यह तर्क देते हैं कि ब्रजभाषा के से कवि खड़ीबोली में पैदा ही नहीं हुए; खड़ीबोली ने ब्रजभाषा का हक छीन लिया, यह घोर अनाचार है। जातीय विकास के संदर्भ में इस समस्या को देखने से पता चलेगा कि सामाजिक विकास क्रम में जातीय भाषा के रूप में किसी एक बोली का प्रसार या गठन ऐतिहासिक रूप से अनिवार्य घटना है। इसी तरह ब्रिटेन, रूस, फ्रांस आदि देशों में वहां की जातीय भाषाओं का गठन और प्रसार हुआ। इस प्रक्रिया का आर्थिक आधार व्यापार है। पूंजीवाद का अर्थ उत्पादन की पद्धति-विशेष तक सीमित न करना चाहिए। पुरानी दस्तकारी के आधार पर सामंती व्यवस्था में बेचने और मुनाफा कमाने के लिए क्रय वस्तुओं का उत्पादन होता है। व्यापार बाज़ार का निर्माण करता है। व्यापार के आधार पर बाज़ार के अंतर्गत जितना भी इलाका आ जाय, वह सभी जातीय प्रदेश बने, यह आवश्यक नहीं। स्वाभाविक क्रिया यह है कि जो लघु जातियां भाषा, संस्कृति, इतिहास आदि की दृष्टि से एक-दूसरे के बहुत निकट हैं, वे मिलकर एक महाजाति का निर्माण करें। किंतु इस तरह की लघु जातियां कभी-कभी भिन्न होने पर भी किसी प्रबलतर जाति का अंग बना ली जाती हैं। वेल्स और स्काटलैंड के केल्ट निवासी इसी तरह अंग्रेजों के साथ ब्रिटिश जाति का अंग बनाये गये। किंतु रूस में उक्रैनी जाति ने अखिल रूसी बाज़ार के अंतर्गत रहते हुए भी अपनी जातीयता की रक्षा की। अनेक स्लाव जातियों को जर्मन आक्रमणकारियों ने जर्मन जाति का अंग बना लेने की कोशिश की लेकिन असफल रहे। जातीयता की रक्षा जाति विशेष के प्रतिरोध पर भी निर्भर है। भारत के हिंदी भाषा प्रदेश में अन्य देशों की तरह व्यापार का विकास हुआ। इस प्रदेश का इतिहास सम्मत नाम हिंदुस्तान है, उसकी भाषा 'हिंदी या हिंदुस्तानी' है। हिंदी का आधार दिल्ली और उसके निकटवर्ती प्रदेशों की बोली-खड़ीबोली बनी, क्योंकि दिल्ली राजनीतिक और आर्थिक जीवन का एक प्रमुख केंद्र थी।

व्यापार और वाणिज्य किसी भी जातीय भाषा के विकास के मुख्य कारक हैं। हिंदी भाषा के विकास में उसके जातीय निर्माण की प्रक्रिया में व्यापार और विनिमय ने अधिक योगदान दिया। दिल्ली की खड़ी बोली धीरे-धीरे विकसित होते-होते जातीय भाषा के रूप में हिंदी का रूप ग्रहण कर लेती है। इसके पीछे ऐतिहासिक सांस्कृतिक कारणों से अधिक उत्तरदायी है-दिल्ली में व्यापार केंद्र का कायम होना। यों हिंदी प्रदेश में अवध और आगरा का बाज़ार भी कम मजबूत नहीं था। मध्यकाल में अवधी और ब्रजभाषा के विकास में भी बाज़ार और व्यापार का विशेष योगदान रहा। धीरे-धीरे व्यापार और वाणिज्य के विकास का केंद्र दिल्ली बना जहां से पूरे देश में व्यापार और वाणिज्य होता था। खड़ीबोली व्यापार-विनिमय की भाषा बनी। व्यापार के रथ पर सवार खड़ीबोली का प्रसार आगरा, पटना बनारस, इलाहाबाद सभी जगह होने लगा। विकास और विस्तार की यह प्रक्रिया एकाएक घटित नहीं हुई, इसमें दीर्घ समय लगा। जातीय भाषा के रूप में हिंदी की विकास यात्रा संश्लिष्ट और दिलचस्प है। व्यापार के साथ ऐतिहासिक और सामाजिक विकास क्रम में पुनर्जागरण की संस्कृति में हिंदी एक महाजाति की भाषा बनी। यह भारत में ही नहीं घटित हुआ अपितु वैश्विक परिदृश्य पर भी भाषा के जातीय गठन की लगभग यही प्रक्रिया रही। जातीय भाषा के गठन में एक केंद्रीय भाषा बनती है। जाहिर है ऐसे में उसकी सहवर्ती बोलियों का तेज कम होता है लेकिन वह समाप्त हो जाती हैं

ऐसा नहीं है। 'हिंदी' हमारी जातीय भाषा बनी-यह इतिहास का दबाव भी था तो युगीन परिस्थितियों की मांग भी। जातीय भाषा के इस विकास क्रम में आर्थिक कारणों के साथ ऐतिहासिक-राजनीतिक और साहित्यिक कारणों की पड़ताल जरूरी है। 19वीं शताब्दी के आरंभ से ही ब्रजभाषा बनाम खड़ीबोली का रचनात्मक द्वंद्व और सहकार दिखता है। खड़ीबोली के रचनात्मक विकास की यह यात्रा पहले-पहल दिल्ली से नहीं कलकत्ता से आरंभ होती है। आधुनिक भारतीय पुनर्जागरण का जन्म बंगाल में हुआ। सन् 1800 में फोर्टविलियम कालेज की स्थापना और उसमें खड़ीबोली का आरंभिक गद्य लेखन हुआ। यों कि इसके प्रिन्सिपल गिलक्राइस्ट और उस कालेज की नीतियां औपनिवेशिक मानसिकता को पोषित करती हैं। फिर भी यह तो मानना ही पड़ेगा कि भाषा के विकास में खड़ीबोली ने आरंभिक डग यहीं भरे। साहित्यिक भाषा के रूप में हिंदी के विकास का रूपायन इसी कालेज से हुआ। इसके पूर्व 18वीं सदी के अंत में खड़ीबोली हिंदुस्तानी की पहली रचना 'सुखसागर' है जिसके रचनाकार मुन्शी सदासुखलाल हैं। उनके गद्य में ब्रजभाषा, अवधी और संस्कृत के शब्दों का प्रयोग मिलता है। इसके बाद फोर्टविलियम कालेज में हिंदू और मुसलमान दोनों जातियों के लेखकों से उर्दू हिंदी गद्य की पुस्तकें तैयार करवायी गई। उर्दू गद्य में मीर अम्मन ने 'बागो-बहार' और हिंदी गद्य में लल्लूलाल का 'प्रेमसागर' 1803 एवं सद्‌ल मिश्र के 'नासिकेतोपाख्यान' (1803) की रचना हुई।

बंगाल की इसी भूमि से हिंदी का पहला पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 1826 ई. प्रकाशित हुआ, जिसे हिंदी भाषा-भाषियों के सम्मान की रक्षा हेतु एवं हिंदी भाषा के विकास को ध्यान में रखकर कानपुर के रहने वाले पं. जुगुल किशोर ने संपादित किया। भाषाई पत्रकारिता का यह रूप फिर बनारस से 'कविवचन सुधा', 'हरिश्चंद्र मैगजीन', 'बाला बोधिनी'- भारतेंदु हरिश्चंद्र, इलाहाबाद से 'हिंदी प्रदीप' पं. बालकृष्ण भट्ट, मिर्जापुर से आनंदकादंबिनी- प्रेमघन, कानपुर से 'ब्राह्मण'- प्रतापनारायण मिश्र के रास्ते दिल्ली से 'सदादर्श'- लाला श्रीनिवास दास तक पहुँचा। खड़ीबोली के जातीय निर्माण और विकास का सबसे सर्जनात्मक दौर 1857 के महासंग्राम के बाद आरंभ होता है। औपनिवेशिक संस्कृति के विरोध के लिए एक ऐसी भाषा की आवश्यकता युगीन परिवेश की मांग भी थी। खड़ी बोली उसके लिए सबसे मुफ़ीद भाषा थी। व्यापार और वाणिज्य वैसे ही इसे केंद्रीय महत्त्व की भाषा बना रहे थे। राष्ट्रीय आंदोलन की केंद्रीयता और उसकी भावना को पोषित करने में हिंदी समर्थ थी। यह दिलचस्प है कि अपने स्थानीयता और जातीयता के प्रति बेहद लगाव रखने वाली बंगाली जाति में पुनर्जागरण के चिंतको-समाज सुधारकों ने भी राष्ट्रीय आंदोलन के लिए हिंदी का समर्थन किया। यों फोर्ट विलियम कालेज और साहित्यिक पत्रकारिता से हिंदी खड़ीबोली की आधार भूमि निर्मित हो चुकी थी। राष्ट्रीयता और स्वाधीनता की अखिल भारतीय संस्कृति निर्माण में हिंदी की भूमिका पहिले-पहल बंगाल में ही निर्मित हुई। सुनीति कुमार चाटुर्ज्या ने इस संदर्भ में सही लिखा है, कि "बंगाल से प्रारंभिक राष्ट्रीय आंदोलन की कामना अखिल भारतीय रूप धारण करने की थी। स्वदेशी आंदोलन का प्रारंभ होने से पहले बंकिमचंद्र चटर्जी, केशवचंद्र सेन, भूदेव मुखर्जी, स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ ठाकुर सरीखे बंगाल के सभी राष्ट्रीय विचारधारा के लेखक जिन्होंने स्वदेशी आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया, हमेशा एक और अविभाज्य भारत की बात सोचते थे। महान उपन्यासकार और विचारक बंकिमचंद्र चटर्जी (1938-1894) ने मातृभूमि की कल्पना देवी-स्वरूपिणी माता के रूप में भगवती उमा और श्री और वाक् के रूप में की और

उसके राष्ट्रगान वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता के राष्ट्रीय आंदोलन को सर्वाधिक प्रभावकारिणीं आदर्श शक्ति प्रदान की भारत-माता की कल्पना बंगाल के इन राष्ट्रीय कार्यकरों के साथ विकसित हुई। अवनीन्द्रनाथ ने अपना प्रसिद्ध भारत-माता चित्र अगली शताब्दी के प्रारंभिक दिनों में अंकित किया और अपने देश तथा इसके इतिहास के एक प्रकार से पुनरूद्धाटन से प्राप्त नये-नये उत्साह तथा अंग्रेजों की साम्राज्यवादी नीति के प्रति घृणा की भावना ने इस इच्छा को जन्म दिया कि देश की अपनी परंपराओं और अपनी भाषाओं का अवलंबन ब्रह्मण किया जाए। उत्तर भारत के प्रति रामायण, महाभारत तथा भागवतपुराण के बुद्ध, अशोक, विक्रमादित्य और हर्ष के, पृथ्वीराज चौहान, प्रताप सिंह और अकबर के देश के प्रति-बंगाल में सदैव से भावुकतापूर्ण आदर का भाव रहा है और उत्तर भारत की भाषाओं, ब्रजभाषा और हिंदी को बंगाल का सहज सद्भाव प्राप्त हुआ। सारे देश को कम से कम उत्तर-भारत के लोगों को एक सूत्र में बांधने वाली शक्ति के रूप में हिंदी की संभावनाओं के प्रति सबसे पहले बंगाल के राष्ट्रीय नेता जागरूक हुए और उन्होंने अपने बंगला लेखों में इस बात का समर्थन किया कि उत्तर भारत की सर्वसाधारण जनता को एकता के सूत्र में बाँधने वाली भाषा के रूप में हिंदी का उपयोग किया जाना चाहिए।"

साहित्य की सृजनात्मकता भी धीरे-धीरे ब्रजभाषा के बरक्स खड़ी बोली की ओर उन्मुख हो रही थी। यह ऐतिहासिक तथ्य है कि जिस दौर में बंगाल की भूमि में पुनर्जागरण के फलस्वरूप हिंदी गद्य की पुस्तकें तैयार हो रही थीं, पत्रकारिता का विकास हो रहा था। उसी दौर में हिंदी प्रदेश में शृंगार और सौंदर्य की रीतिकालीन कविता का सृजन हो रहा था। हिंदी नवजगारण के अग्रदूत भारतेंदु हरिश्चंद्र की बंगाल यात्रा ने उन पर गहरा असर किया। भारतेंदु हरिचंद्र के नेतृत्त्व में हिंदी के सर्जनात्मक और वैचारिक गद्य की पुस्तके तैयार हुई और उनकी साहित्यिक पत्रकारिता में हिंदी 'नये चाल में ढली'। यह गौर करने वाली बात है कि हिंदी गद्य का आरंभ भले ही फोर्टविलियम या कलकत्ता से हुआ लेकिन उसको साहित्यिक संस्कार देने का काम भारतेंदु ने ही किया। 'हिंदी जाति' या 'हिंदी समुदाय' को समृद्ध करने वाली खुली और जनधर्मी भाषा जिसमें सहवर्ती, जनपदीप भाषाओं और अन्य स्रोतों से आने वाले शब्दों की सहज स्वीकृति थी। भारतेंदु युग के रचनाकारों ने हिंदी और उर्दू दोनों साहित्यिक रूपों का प्रयोग किया तो स्थानीय बोली बानीं को भी वहां पर्याप्त जगह मिली। भारतेंदु के समय हिंदी खड़ीबोली की जो स्थिति थी उसमें उनके पूर्व राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद और राजा लक्ष्मण सिंह की नीति का भी असर रहा। शिवप्रसाद जी का झुकाव उर्दू निष्ठ हिंदी की ओर था तो लक्ष्मण जी का संस्कृत निष्ठ हिंदी की तरफ। भारतेंदु जी उर्दू और संस्कृत से उतना ही प्रभाव ग्रहण करते हैं जो हिंदी खड़ी बोली को पोषित पल्लवित करने में सहायक हुआ। भाषाई विकास के लिहाज से भारतेंदु के भाषा की असली ताकत उनकी भाषा में बोलियों का बहुलता में प्रयोग है। हिंदी को जातीय भाषा के रूप में विकसित करने के लिए यह जरूरी भी था। उनके भाषा व्यवहार के इस पक्ष की प्रशंसा करते हुए रामविलास शर्मा ने सही लिखा है कि, "भारतेंदु के गद्य की एक विशेषता यह है कि उसमें जनपदीय शब्द का धड़ल्ले से व्यवहार होता है। उनके कलात्मक गद्य की विशेषता यह है कि उसमें ब्रजभाषा की मिठास है। हिंदी भाषी क्षेत्र में मैथिल, भोजपुरी, अवधी आदि अनेक जनपदीय बोलियां बोली जाती हैं। यहाँ की जातीय भाषा के लिए उस भाषा के लिए जो विभिन्न जनपदों की शिष्ट भाषा के रूप में विकसित हो यह आवश्यक था कि वह इन

बोलियों के नजदीक हो उन शब्दों का व्यवहार को जो इन बोलियों में सामान्य है।" भारतेंदु और उनके समकालीन रचनाकारों के भाषा चिंतन का महत्त्व इस मायने में और भी बढ़ जाता है। वह उस दौर में पैदा भाषा विवाद के समानांतर राष्ट्रीय भाषा के रूप में खड़ी बोली को मजबूत आधार मिलता गया। जब बात भाषाई राष्ट्र के निर्माण या भाषा के जातीय विकास की आती है तो जितना महत्त्व भारतेंदु का है उतना ही शिवप्रदासद सितारे अन्य लेखकों का है। शिवप्रसाद सितारे हिंद खड़ीबोली को उर्दू-फारसी से जोड़कर समृद्ध करते हैं वहीं भारतेंदु ने अपने व्यापक भाषाई चिंतन में या सृजन में 'हिंदी जाति की अवधारणा का विकास करते हैं, हिंदी नवजागरण को शक्ति प्रदान करते हैं जिसमें साम्राज्यवाद के प्रतिरोध का मुखर स्वर भी विद्यमान है। जातीय भाषा के रूप में हिंदी के विकास के लिए खड़ीबोली, उर्दू, अवधी, ब्रज, भोजपुरी, मैथिली के सहकार से हिंदी भाषा का समन्वित भाषिक रूप सृजित करने का काम भारतेंदु ने ही किया। हिंदी समुदाय के विकास के लिए यह बात आज और भी प्रासंगिक हो जाती है कि हिंदी की बोलियों की आपस में आवाजाही हो। यह चेतना भारतेंदु के चिंतन और सृजन से आरंभ होती है जिसको बाद में विकसित करने का कार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी, निराला, प्रेमचंद, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, नागार्जुन, केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन, मुक्तिबोध, अज्ञेय, रघुवीर सहाय, धूमिल और केदारनाथ सिंह ने अपने साहित्य में किया।

उपनिवेशवाद, बहुभाषिकता और राष्ट्र

उपनिवेशवाद का वास्तविक उद्देश्य जनता की संपत्ति पर नियंत्रण रखना था। उन्हे इस पर भी नियंत्रण रखना था कि जनता किस चीज का उत्पादन करती है, किस तरह उत्पादन करती है और इसका वितरण किस तरह होता है। दूसरे शब्दों में कहें तो वास्तविक जीवन की भाषा के समूचे साम्राज्य पर उसे नियंत्रण रखना था। उपनिवेशवाद ने भौतिक संपदा के सामाजिक उत्पादन पर सैनिक विजय के जरिए अपना नियंत्रण रखा और राजनीतिक अधिकनायकवाद द्वारा उसे पुष्ट किया लेकिन प्रभुत्त्व का इसका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र उपनिवेश की जनता का मानसिक जगत था, जिस पर उसने संस्कृति के जरिए नियंत्रण स्थापित किया। बिना मानसिक नियंत्रण के आर्थिक और राजनीतिक नियंत्रण न तो कभी पूरा हो सकता है और न कारगर। जनता की संस्कृति पर नियंत्रण का मतलब दूसरों के संदर्भ में खुद को परिभाषित करने के उपकरणों पर नियंत्रण करना है।

उपनिवेशवादियों की इस प्रक्रिया में दो पहलू निहित थे जन संस्कृति का विध्वंस अर्थात् जनता की कला, नृत्य, धर्म, इतिहास, भूगोल शिक्षा भौतिक साहित्य और लिखित साहित्य का विध्वंस अथवा जान-बूझकर जन संस्कृति के महत्त्व को कम करके आकना। दूसरा पहलू था उपनिवेशवादियों की भाषा को सचेत ढंग से काफी विकसित भाषा के रूप में प्रस्तुत करना। गुलाम देशों की जनता की भाषा पर उपनिवेशवादी देशों की भाषा का प्रभुत्त्व हो।

किसी भी राष्ट्र में उपनिवेशवाद जनता की संपत्ति पर नियंत्रण रखने के साथ उनके कला, धर्म, साहित्य और भाषा पर नियंत्रण कर अपना प्रभुत्त्व कायम करता है। जनता के मानसिक जगत पर प्रभुत्त्व स्थापित करने का सबसे कारगर हथियार उस देश की भाषा पर अपना अधिकार जमाना। भारत में 17वीं

शताब्दी में अंग्रेज आये और भारत पर अपना प्रभुत्त्व जमाने के लिए उन्होंने भाषा और शिक्षा को मुख्य आधार बनाया। सबसे पहले साजिशन संस्कृति, साहित्य और इतिहास के पुनरूद्धार के बहाने उसकी मनमानी व्याख्या करना, फिर औपनिवेशिक संस्कृति का ऐसा पाठ परोसना कि सब उसके आदती हो जाये, अभ्यस्त हो जाएं। औपनिवेशिक संस्कृति उन्हे उदार और अपने अनुकुल लगने लगे। कहना न होगा कि भारत में उपनिवेशवादी संस्कृति ने यही किया। यहाँ तक कि नवजागरण दौर के बहुत से अगुआ तक इस औपनिवेशिक संस्कृति के शिकार हुए। उन्हे यूरोपीय भाषा जागरण और क्रांति की भाषा लगने लगी। यह खेल अंग्रेजी राज में तो चलता ही रहा। स्वतंत्रता के बाद यह और भी गतिशील तरीके से फला-फूला।

सन् 1835 में मैकाले की शिक्षा नीतियों ने बड़ी चालाकी से भारत की पारंपरिक भाषाओं और संस्कृति को नये ज्ञान विज्ञान के लिए असमर्थ बताकर हमें हमारी समृद्ध परंपरा से काट दिया गया। भाषा का यह औपनिवेशिक पाठ हमारे राष्ट्र के लिए बहुत घातक साबित हुआ। स्वाधीनता संग्राम के दौर में अंग्रेजी राज की इन नीतियों का पुरजोर विरोध भी हुआ। स्थानीय बोली बानी में अंग्रेजी साम्राज्य के प्रतिरोध में अनगिनत लोकगीतों और लोकगाथाओं का सृजन हुआ। इस दौर में भी प्रभावशाली बौद्धिकों और रईसो की एक ऐसी जमात थी जो अंग्रेजी राज का विरोध करते हुए भी मैकाले की भाषाई और शैक्षिक नीतियों का पोषण कर रही थी। आज़ादी के बाद अंग्रेजों से मुक्ति मिली अंग्रेजी नीतियों से नहीं। अंग्रेजों द्वारा बोया गया संकीर्ण भाषाई विवाद, भाषाई साम्राज्यवाद की नीतियां आजाद भारत में अधिक विकृत रूप में फली-फूली। एक चेहरा इसका अंग्रेजी वर्चस्व में दिखायी देता है तो दूसरा भारतीय भाषाओं की आपसी खींचातानी में। गाँधी जी अपनी पुस्तक 'हिंद स्वराज्य' में भाषा के संकीर्णतावादी दृष्टि का विरोध करते हुए अंग्रेजी के समानांतर भारत की स्थानीय भाषाओं की ओर उन्मुख होने की बात करते हैं। आज़ाद भारत में भाषाई जनतंत्र को शक्तिशाली बनाने के लिए पूंजीवाद और भाषाई साम्राज्यवाद के खतरों को लक्षित कर लोहिया जी ने कई आंदोलन चलाया।

विकास की नयी पूंजीवादी अवधारणा और आधुनिकता के नये विमर्शों में भाषाई संकीर्णता के इस विवाद को तीव्रतर कर उसे खतरनाक मोड़ पर ला खड़ा किया। इसके कई रंग हमारे सामने मौजूद हैं। हिंदी उर्दू का बैरभाव इसी का एक नमूना है। हम सब जानते हैं कि हिंदी भाषा हिंदी जाति की परंपरा, हिंदी-उर्दू की साझी विरासत की देन है जिसको अलग करने का काम अंग्रेजों ने किया। बिना इस अलगाव के अंग्रेजी राज और अंग्रेजी का वर्चस्व कायम करना मुमकिन न था। अंग्रेज अपने इस मनसूबे में पूरी तरह से सफल रहे और हम असफल। कुछ वर्षों से लोक संस्कृति और लोक भाषा विकास के नाम पर पूंजीपोषित कारनामे भी खूब हो रहे हैं। कुछ संगठन और संस्थाएं एवं व्यक्ति कुछ विशेष भाषाओं को केंद्रित कर ऐसा-प्रचार-प्रसार कर रहे हैं मानो लोक संस्कृति की परंपरा की वाहक वही भाषा है शेष भाषाएं लोक संस्कृति हीन हैं। भाषा के विकास का मसला पूंजी और सत्ता के वर्चस्व से जुड़ा होता है। सत्ता और शासन पर जिस विशेष वर्ग के लोग काबिज होते हैं उसका विकास अधिक होता है। यह भाषा विमर्श के लोकतांत्रिक मूल्य और भारत जैसे बहुभाषी राष्ट्र के लिए खतरा ही है। कहना न होगा कि इन दिनों भोजपुरी भाषा, साहित्य और संस्कृति को लेकर जो सजगता और सजीदगी दिखायी दे रही है उसकी तुलना में अवधी, बघेली, बुंदेली, ब्रज, छत्तीसगढ़ी और राजस्थानी

जैसी लोकभाषाएं उपेक्षित हैं। ऐसा कहकर मैं हिंदी के विकास में भोजपुरी को कमतर नहीं आंक रहा हूँ बल्कि स्थानीय उपनिवेशन की उन नीतियों का विरोध कर रहा हूँ जो हिंदी की बहुभाषिक लोकसंस्कृति की उपेक्षा करती हैं। भारतीय राष्ट्र की कल्पना भारत की बहुभाषिक संस्कृति में निहित है। बहुभाषिकता और बहुसांस्कृतिक परंपरा के साथ यह राष्ट्र सोता और जागता है। हिंदी राष्ट्रभाषा और राष्ट्र का गौरव है लेकिन इसके साथ ही भारत की बहुत सी भाषाएं है जिनका सम्मान और पहचान करना भारतीय राष्ट्र को मजबूत करेगा। भारतीय भाषाओं के प्रति हम हिंदी वालों की दृष्टि कम संकीर्ण नही है। दक्षिणवाले हिंदी को सीखें जाने और प्रेम करें, क्योंकि हिंदी हमारे राष्ट्रीय गौरव की भाषा है जबकि हमारे लिए दक्षिण की भाषा सीखना आवश्यक नहीं है। भारत की इन भाषाओं के प्रति हिंदी प्रदेश के लोगों का आलम यह है कि हिंदी भाषी पाठक को शायद ही यह पता हो कि तमिल, तेलुगु और मलयालम में कौन से साहित्यकार हैं और वहां की सृजन-संस्कृति कैसी है? इस मामले में दक्षिण वाले हमसे थोड़ा उदार हैं। संकीर्णतावादी इस भाषाई सोच को समय-समय पर हमारे राजनेता अपने शुद्धतावादी अपने वक्तव्यों से खाद-पानी देने का काम करते रहते हैं। भारतीय भाषाओं के विकास में ही हिंदी का विकास जुड़ा हुआ है। भारतीय भाषाओं की आपसी आवा-जाही और हिंदी व उसकी बोलियों के साझे विकास से राष्ट्र का विकास भी होगा और हिंदी का भी। भारत में बोली जाने वाली इस हिंदी को बाजारू हिंदी कहने में संकोच नहीं होना चाहिए। यह हिंदी जिसमें आम जन अपना सौदा-सुलुफ करता है, गीत-गवनई गाता है, हंसी-मजाक करता है। व्याकरण इसके पीछे है यह व्याकरण के आगे। समय के साथ इसमें बदलाव भी होता रहता है। यह भारत की सामाजिक संस्कृति की भाषा है। इसमें न जाति भेद है न मन भेद। इस संदर्भ में सुनीति जी का यह कथन उल्लेखनीय है- “लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया में हिंदुस्थानी व्याकरण के मोटे नियम एक पृष्ठ में ही आ गए हैं जबकि अवधी, बंगला, मराठी, तमिल, तेलुगु, आदि भाषाओं के लिए दो-दो पूरे भरे हुए पृष्ठ लगे हैं। पूर्वी पंजाबी में तीन पृष्ठ लगे हैं और मैथिली में चार। और यह तो उस स्टैंडर्ड साहित्यिक हिंदुस्तानी की बात है जिसमें नागरी हिंदी तथा उर्दू दोनों रूपों की व्याकरण शुद्ध साधु-भाषा सम्मिलित है जिसे या तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा दक्षिणी पूर्व पंजाब के निवासी ही बोलते हैं, या ऐसे लोग बोलते हैं जिन्होंने स्कूल में शुद्ध नागरी हिंदी अथवा उर्दू पढ़ी हो। पछाँह के लोगों को छोड़कर हिंदी संसार की साधारण जनता द्वारा तथा हिंदी क्षेत्र के आस पास के प्रदेशों में साधारण जन द्वारा, जिसने हिंदुस्थानी पढ़ी नहीं, बोली जाने वाली अत्यंत प्राणयुक्त सार्वजनीन हिंदुस्थानी का व्याकरण तो और भी संक्षिप्त है। यह हिंदी या हिंदुस्तानी बिना लेश मात्र भी मान हानि के बाजारू हिंदुस्तानी या बाजारू हिंदी कही जा सकती है।” बाज़ार से निकली ‘हिंदी’ इसी रूप में जन भाषा का दर्जा पाती है। जन-मन की भाषा बनती है। आधुनिक विचार और विमर्श के साथ उसका रूप रंग भी बदलता रहा।

भूमंडलीकरण, बाज़ारवाद और उत्तर समय में हिंदी

अगला दौर नवउदारता के बाद की हिंदी का है जो पिछले पंद्रह-बीस बरसों से रहा है। इस दौर में दैनिक-साप्ताहिक अखबारों की संख्या में भारी इज़ाफा हुआ है। जिन अंग्रेजी शब्दों के लिए हिंदी शब्द सुलभ हैं, उनका भी प्रयोग किया जा रहा है। भूमंडलीकरण का सबसे गहरा प्रभाव मिलावट का चलन है। यह मिलावट खान-पान से लेकर भाषा तक में है। कहानी, कविताओं की भाषा में भी अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग हो

रहा है। एक ज़माने में लोग भाषा के प्रति सतर्क थे। अब अंकुश हट गया है। सब लोग स्वतंत्र हैं चाहे जैसी हिंदी लिखें।

सन् 80 के बाद भूमंडलीकरण, आर्थिक उदारीकरण और बाज़ारवाद का विकास वैश्विक परिदृश्य पर हुआ। भारत इसका केंद्र रहा। जाहिर है यहाँ इनके फायदे और नुकसान भी अधिक हैं। भूमंडलीकरण का संचालन अमेरिका कर रहा है। नव-साम्राज्यवाद की विचार-संस्कृति का वाहक अमेरिका ही है, जो भूमंडलीकरण और बाज़ारवाद के सहारे संपूर्ण विश्व का अमेरिकीकरण कर रहा है। भूमंडलीकरण और नव-साम्राज्यवादी नीतियों का सबसे अधिक खतरा जन-भाषाओं या लोक भाषाओं पर है। भारत की अधिकांश भाषिक संस्कृति मौखिक और जनधर्मी है। नव साम्राज्यवादी ताकतें, बाज़ारवाद और भूमंडलीकरण के नाम पर भारत की लोकधर्मी संस्कृति और भाषा को नष्ट करने के हथकंडे अपना रही हैं। मैनेजर पांडेय भूमंडलीकरण के इसी ख़तरे की ओर संकेत करते हुए कहते भी हैं, “भूमंडलीकरण की जो आंधी चल रही है उसमें भाषाओं के मरने का क्रम भी वहीं होगा जो उनके विकास का है। पहले वो भाषाएं मरेंगी जो बोलचाल की हैं फिर वो भाषाएं मरेंगी जिनकी केवल लिपि है और अंत में उनकी मृत्यु होगी जिनकी लिपि भी है और जो बोली भी जाती है और जिनकी प्रिंटिंग भी होती है।”

असल में बाज़ारवाद के लिए सबसे बड़ा खतरा बहुभाषिकता है जिसमें उसको फूलने-फूलने का मौका नहीं मिलता। बाज़ार की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए साम्राज्यवादी शक्तियां भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को नष्ट करने की साजिश रच रही हैं। इस प्रक्रिया में बाज़ार और व्यापार की एक भाषा के विस्तार की क़वायद की जा रही है। भूमंडलीकरण के इस दौर अंग्रेजी को विश्व भाषा बनाने की कोशिश की जा रही है। किसी भी समाज की जातीय चेतना उसकी अपनी भाषा और संस्कृति में व्यक्त होती है। भारत भाषाई और सांस्कृतिक बहुलता वाला देश है। भाषा को संस्कृति का प्रतिरूप भी माना जाता है। किसी भी भाषा का मरना उस संस्कृति का मरना है। यूनेस्को की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व में लगभग 7000 भाषाएं हैं जिनमें आधी भाषाओं की स्थिति चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार लगभग 2500 भाषाओं का अस्तित्व खतरे में है। दूसरे देशों की अपेक्षा भारत में यह स्थिति अधिक चिंताजनक है। यहाँ लगभग 200 भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं। दुनिया भर में लगभग 200 ऐसी भाषाएं है जिनके बोलने वालों की संख्या दर्जन भर से कम है। दरअसल नवसाम्राज्यवादी नीतियां, उदारीकरण, भूमंडलीकरण और आर्थिक विकास की नई नीतियों के नाम पर विविधताओं को खत्म कर एक संस्कृति और एक भाषा का प्रचार कर रही है। यह संस्कृति है अमेरिकी और भाषा है अंग्रेजी। कहना न होगा कि यह संकट आदिवासी और हाशिए का जीवन जीने वालो की भाषा पर अधिक है। शासन सत्ता और सरकार से गठजोड़ कर ये नवऔपनिवेशिक ताकतें आदिवासी समाज की सामूहिक चेतना, प्राकृतिक शक्ति, भाषा और संस्कृति को नष्ट करने पर तुली हैं। अमेरिका पोषित इस बाज़ारवादी संस्कृति द्वारा आदिवासी जन-जीवन और भाषा संस्कृति को नष्ट ही नहीं किया जा रहा है उन्हें अपने मूल से विस्थापित होने को मजबूर किया जा रहा है। आदिवासी बहुल राज्य की सरकारें इस विनाश को रोकने के बजाय पूंजीवादी ताकतों के साथ गठजोड़ कर आदिवासी समाज और संस्कृति को नष्ट कर रही हैं। आदिवासी समाज अपनी मातृभाषा और सृजन के द्वारा इस वर्चस्वशाली शक्तियों से प्रतिरोध कर रहा है।

मुंडारी, संथाली खडिया, कुडुख, गोंडी, सेमा और माउ आदिवासी भाषाओं में प्रचुर रचनात्मक लेखन हो रहा है। अपनी मातृभाषा में यह विमर्श वर्चस्वशाली संस्कृति के विरूद्ध प्रतिरोध की जन संस्कृति का रचनात्मक स्वर है। इसी बात को लक्षित कर आदिवासी विमर्शकार बिसेश्वर प्रसाद केशरी ने लिखा भी है, “भाषा और समाज की सहज प्रगतिगामी प्रकृति का सबसे बड़ा अवरोधक है उपनिवेशवाद, चाहे वह किसी कोटि का क्यों न हो और इस सर्वनाशी उपनिवेशवाद का एक मात्र विकल्प है स्वायतत्ता। मातृभाषा का सवाल जातीय अस्मिता की रक्षा और विकास से सीधे जुड़ा है। दूसरे शब्दों में मातृ भाषा उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष का एक कारगर हथियार है। इसके माध्यम से मुक्तिकामी जनता अपने विकास के उत्तरोत्तर मंजिलों को तय करती है।”

भूमंडलीकरण, बाज़ारवाद और आधुनिकता के उत्तर समय में भाषा का विस्तार हुआ है या विकास? 1980 से 2015 के बीच हिंदी भाषा के विस्तार और विकास की बात की जाय तो इस दौर में हिंदी भाषा ने अपना चोला पूरी तरह से बदल लिया है। हिंदी के विस्तृत कथा लेखन में संस्कृत निष्ठ हिंदी से मुक्त भाषा है। आज हिंदी नहीं हिंदियों का दौर है। साहित्य की हिंदी, सिनेमा की हिंदी, टी.वी. की हिंदी, अखबार की हिंदी, एफ.एम. की हिंदी, समाज-विज्ञान की हिंदी, राजनीति की हिंदी। विविधता में शायद इससे पहले का दौर हिंदी के लिए इतना नहीं था लेकिन हिंदी का यह स्वरूप हमारी हिंदी के जातीय स्वरूप और उसकी अस्मिता को समृद्ध कर रहा है या नष्ट कर रहा है। यह विचारणीय प्रश्न है।

भूमंडलीकरण के दौर में निजीकरण की प्रक्रिया बढ़ी। निजीकरण में कार्पोरेट पूँजी ने अंग्रेजी को प्रभावशाली बनाया। अंग्रेजी के वर्चस्व को बढ़ाने के लिए औपनिवेशिक दौर में हिंदी-उर्दू का झगड़ा पैदा किया गया तो उत्तर-औपनिवेशिक दौर में अंग्रेजीपरस्त हिंदी का वर्चस्व बढ़ा। अंग्रेजी-संस्कृति को पोषित करने वाले वर्ग ने ‘हिंदी’ को जटिल भाषा बताकर आमजन से उसे दूर किया। ज्ञान-विज्ञान की विविध शाखाओं में हिंदी में प्रकाशित होने वाली किताबों की संख्या घटी। पब्लिक स्कूलों की भरमार ने भी, अंग्रेजी के वर्चस्व को बढ़ाने में मदद की। वैश्विक बाज़ार और पूँजी के इस खेल ने रणनीतिक ढंग से हिंदी की भाषिक संस्कृति को कमजोर करने की कोशिश की। कभी हिंदी को उर्दू से लड़ाया तो कभी उसको संस्कृतमय बनाकर। फिल्मकार बलराज साहनी ने जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत भाषण में हिंदी की हीन दशा और अंग्रेजी के वर्चस्व की सही पड़ताल करते हुए कहते हैं, “पूंजीपति हर चीज को मुनाफे के दृष्टिकोण से देखता है। उस दृष्टिकोण से उसके लिए आज भी अंग्रेजी फायदेमंद है। भारत के पूंजीपति वर्ग के लिए अंग्रेजी भारत के आम मेहनतकश लोगों के लिए एक मुश्किल और अपहुँच भाषा थी। इसीलिए शासक वर्ग ने उन्हें राजभाषा का दर्जा दिया था जिनके द्वारा वह जनसाधारण में असभ्य और अशिक्षित होने तथा हीनता और आत्मग्लानि की भावनाएं पैदा करता था ताकि वे अपने हाथों अपनी गुलामी की जंजीरें मजबूत करते रहें और आपस में लड़लड़ कर मरते रहें। आज यही भूमिका अंग्रेजी अदा कर रही है। भारत का पूंजीपति वर्ग, देश में इंकलाब नहीं चाहता। अंग्रेजों से विरसे में मिली हुई व्यवस्था को उसी प्रकार कायम रखने में उसका फायदा है। पर वह खुलेआम अंग्रेजी को अंगीकार नहीं कर सकता। राष्ट्रीयता का कोई न कोई आडंबर खड़ा करना उसके लिए जरूरी है। इसीलिए वह संस्कृतवादी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार करने का

ढोंग करता है। उसे पता है कि संस्कृत के शब्दों के बोझ तले दबी नकली और बेजान भाषा, अंग्रेजी के मुकाबले में खड़े होने का सामर्थ्य अपने अंदर कभी पैदा नहीं कर सकेगी। आज के युग के वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दों से रिक्त होने के कारण वह हमेशा कमजोर बनी रहेगी।"

भाषा का राजनीति से गहरा सरोकार होता है। भूमंडलीकरण के दौर में आर्थिक उदारीकरण, वैश्वीकरण के विस्तार ने भाषा की राजनीति को प्रभावित किया है। भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष में रहते हुए राजनीतिक पार्टियां भारतीय भाषाओं और हिंदी के विकास के लिए भारतीयता के परिवेश के साथ तार्किक बातें करती हैं लेकिन सत्ता पक्ष में आते ही उनका सुर बदल जाता है। वह वैश्विक पूंजीवाद और कारपोरेट संस्कृति के अनुरूप संचालित होने लगती है। वह प्रायः भाषा संबंधी नव-साम्राज्यवादी नीतियों के समक्ष घुटने टेकती नजर आती हैं। अंग्रेजी के बरक्स हिंदी और भारतीय भाषाओं से उसके संबंध पर प्रायः सरकारें उदासीन नजर आती हैं। सत्ताधारी सरकारें आंकड़ों और सरकारी रपटों के आधार पर हिंदी के बढ़ते भाषाई दायरे की बात करती हैं। यों इस शाब्दिक और आंकिक विस्तार में हिंदी का कितना विकास हुआ यह बहसतलब प्रश्न है? नई पीढ़ी के सामने विज्ञापन और बाज़ार के बीच फैले चकाचौंध में भाषा के सृजनात्मक विमर्श का कोई ढाँचा नहीं नजर आता। उत्तर-आधुनिकता और उत्तर औपनिवेशिक विमर्श ने खंडित केंद्रीयता इतिहास के अंत और परंपरा के नकार की वैचारिकी का ऐसा मॉडल पेश किया है कि हम भाषा के विमर्श का कोई सार्थक रूप खड़ा नहीं कर पा रहे हैं। मीडियाकर्मी अनिल चमड़िया भाषा विमर्श के इसी संकट की ओर संकेत करते हुए सही लिखते हैं कि "हिंदी का सत्ताधारी वर्ग भाषा के विस्तार की तस्वीर पेश करके अपनी सार्थकता बनाए रखने की हर मुमकिन कोशिश करता है। वह भाषा के विस्तार के लिए हमें बाज़ार में खड़ा कर देता है। प्रयोगशाला की तरफ नहीं ले जाता है। नई पीढ़ी के सामने जब कोई विमर्श खड़ा होता है तो उसके साथ विमर्श की एक विरासत होती है। भूमंडलीकरण के जमाने में जिस पीढ़ी ने आंखें खोली उसके सामने यह बोलता और दिखता हुआ वह टी.वी. सेट था कि इतिहास का अंत हो गया है। नई पीढ़ी के लिए भाषा का प्रश्न राजनीतिक प्रश्न के तौर पर खड़ा होने में यह मददगार होता है। विमर्श को विरासत से विस्थापित कर दिया गया है। जबकि किसी भी समाज निर्माण के आधार और विकास के लिए यह जरूरी है।"

यों भाषा विमर्शकारों ने हिंदी का एक नया चित्र भी हमारे सामने उपस्थित किया है। बेहद सर्जनात्मक और विकास की गतिकी से भरा हुआ। हिंदी के नये उभरते चित्र में हाशिए के समाज की भूमिका को विशेष महत्त्व दिया गया है। राजनीति और साहित्य विमर्श में स्त्री, दलित, आदिवासी समाज की भूमिका ने हिंदी भाषा के भूगोल को ही नहीं उसके लोक को भी विकसित किया है। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में किस्म-किस्म की हिंदी का प्रयोग सुनने को मिल रहा है। राजनीतिक सत्ता के उलटने से सांस्कृतिक सत्ता पर भी प्रभाव पड़ा है। स्त्री, दलित और आदिवासी विमर्श में हो रही रचनाओं और वैचारिक लेखन ने हिंदी भाषा के पारंपरिक काव्यशास्त्र को चुनौती देते हुए भाषा का नया लोकधर्मी सौंदर्यशास्त्र रचा है। अनुवाद ने हिंदी और भारतीय भाषाओं के आपसी संबंध को विकसित किया है। हिंदी के इलेक्ट्रानिक मीडिया के विस्तार के साथ प्रिंट मीडिया का भी विस्तार हुआ है। टी.वी. में न्यूज चैनल बढ़ने के साथ

अखबारों और पत्रिकाओं में भी उतनी ही बढ़ोत्तरी हुई है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि हिंदी की एक नयी भाषा बन रही है जिसमें ग्लोबल के साथ-साथ हिंदी का लोकल भी बढ़ा है। इस प्रक्रिया में लिखित (मुद्रित), श्रव्य (एफ.एम. रेडियो) और दृश्य-श्रव्य (टी.वी. एवं सिनेमा) का एक साथ प्रसार हो रहा है। यों यह बात और है कि इसमें हिंदी का बनता हुआ रूप हिंदी को कितना सर्जनात्मक बनाता है? उत्तर-आधुनिक विमर्शकार सुधीश पचौरी हिंदी के इस नये बनते रूप को प्रशंसित करते हैं और इस नयी हिंदी को 'हिंग्रेजी या वर्णसंकर' कहते हैं जो मुक्त बाज़ार में निर्मित हो रही है, "सदियों बाद इस उपमहाद्वीप को एक ऐसी भाषा नसीब हुई जिसमें श्रीलंका से लेकर खाड़ी देशों तक संचार संभव हुआ है। इसे रूबी भाटिया, जावेद जाफरी, साजिद ने बनाया है। इसे चैट शो वालों ने बनाया है, इसे आमंत्रित जनता ने बनाया है। इसे देखकर शुद्धतावादी वैयाकरण रोते हैं तो क्या करें। यह श्रव्य और वाच्य भाषा है। इससे जीवन चलता है।...यह मुक्त बाज़ार में निर्मित मध्यवर्ग की, बाज़ार द्वारा बाज़ार के लिए बनी भाषा है और सरेआम बनती भाषा है।...अनेक चैनलों के भावी परिदृश्य में हम एक ऐसी भाषा पायेंगे जो और भी वर्णसंकर और भी खिचड़ी होगी।...बाज़ार की शक्तियों और उनके सहयोगी माध्यम टी.वी. ने यह मसला सुलझा दिया है कि कौन सी भाषा जन-संचार में सक्षम है। जो सक्षम है वह बड़ी भाषा है। यह हिंदी है जिसे वर्ण-संकर, भ्रष्ट और हिंग्रेजी कह सकते हैं।"

सुधीश पचौरी के इस मंतव्य से पूरी तरह सहमत तो नहीं हुआ जा सकता है लेकिन इसको नकार कर भी हम हिंदी का वर्तमान भाषा-विमर्श नहीं कर सकते। हिंदी का बाज़ारीकरण हो रहा है और इस प्रक्रिया से हिंदी ने अपना चोला बदल लिया है। पर इससे यह कहना कि यही हिंदी की असली छवि है, गलत होगा। यह हिंदी की कई छवियों में से एक है। हिंदी का विकास आधुनिक पुनर्जागरण के साथ हुआ। उसके साथ ही भाषा, साहित्य और ज्ञान-विज्ञान की प्रशाखाओं से हिंदी जुड़ती हुई अपना रूप ग्रहण करती है। समय के प्रवाह के साथ हिंदी का चाल ढाल बदला और आज वह पुराने के साथ नये विमर्श की, नये बाज़ार की और आधुनिकता के नयी वैचारिकी की भाषा है। हिंदी की छवि और उसमें निहित विचार एवं सृजन की पहचान करते हुए प्रख्यात समाजविज्ञानी और चिंतक अभय कुमार दुबे की यह मान्यता काबिले गौर है कि, "हिंदी संस्कृत की बेटी, या उर्दू की दुश्मन या अंग्रेजी की चेरी नहीं है। अगर वह किसी की बेटी है तो भारतीय आधुनिकता की बेटी है। हिंदी की आलोचना करने के लिए आधुनिकता के उस कारखाने की आलोचना करनी होगी जिसकी कारीगरी का नमूना यह अनूठी भाषा है। चूंकि इसका सीधा संबंध आधुनिकता से है इसलिए यह आधुनिक विचारों के साथ छूट लेती है। यह प्रक्रिया समाज को फायदा भी पहुंचाती है, और फायदा पहुंचाने की संभावनाएं कभी-कभी संदिग्ध भी लगती हैं। कुल मिलाकर सभी आधुनिक विचार हिंदी के दायरे में दोनों सिरे से खुले रहते हैं।"

कहना न होगा कि हिंदी जो बंगाल की जमीन से डग भरते हुए काशी में आधुनिकता और पुनर्जागरण के जनक भारतेंदु हरिश्चंद्र के यहाँ 'नई चाल में ढली'। यहीं पर उन्होंने हिंदी को जातीय संगीत और लोकसंस्कृति से परिनिष्ठित किया। छायावादी कविता में हिंदी सर्जना को नयी छवि मिली वह संजी-संवरी। कुछ वायवीय भी हुई। प्रगतिशील कविता की धारा में त्रिलोचन, केदारनाथ अग्रवाल, नागार्जुन ने उसको

लोक के जन-मन की भाषा बना दिया। मुक्तिबोध और शमशेर ने उसमें गहन विचार बोध भरा। रघुवीर सहाय ने पत्रकारिता की हिंदी और साहित्य की हिंदी को एक नया मुहावरा दिया। केदारनाथ सिंह, राजेश जोशी और अरुण कमल हिंदी के नये मुहावरों और जंबादानी से उसको समृद्ध कर रहे हैं। कथा सम्राट और हिंदुस्तानी भाषा के लेखक प्रेमचंद ने हिंदी भाषा को आम भारतीय जन की भाषा बनाया।

सृजन की इस जमीन पर आलोचना और विचार का दूसरा सोता भी भारतेंदु के यहां से ही फूटता है। द्विवेदी युग में महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' के द्वारा हिंदी को व्याकरणिक संस्कार देते हैं। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का इतिहास' और चिंतामणि निबंध संग्रहों में हिंदी की सामासिकता और प्रांजलता को बढ़ाया। हिंदी भाषा को नयी जमीन मिलती है रामविलास शर्मा के 'हिंदी जाति' की अवधारणा में। रामविलास शर्मा के भाषिक चिंतन का आधार धीरेंद्र वर्मा की पुस्तक 'हिंदी राष्ट्र या सूबा हिंदुस्तान' और किशोरी दास वाजपेयी की 'हिंदी शब्दानुशासन' है। यहां से हिंदी भाषा और उसकी जातीय अवधारणा को विवेचित करते हुए 'भाषा और समाज' पुस्तक में रामविलास शर्मा ने हिंदी को संस्कृत की बेटी या अनुगामी न मानकर उसकी पूर्वज भाषाओं में प्राकृत और हिंदी क्षेत्र की लोकभाषाओं की मौखिक परंपरा में तलाशने की कवायद की है।

आधुनिकीकरण की प्रक्रिया के साथ हिंदी भाषा का विस्तार और विकास होता है। सन् 80 के बाद नये विमर्श और वैचारिकी के साथ हिंदी का विविध रंगी और बहुवर्णी रूप हमारे सामने मौजूद है। हिंदी में बाज़ारवाद, वैश्वीकरण, भूमंडलीकरण, उत्तर-औपनिवेशीकरण और उत्तर-आधुनिक विचारधारा ने उसके रंग-रूप को बदला है तो हाशिए के विमर्श ने हिंदी का नया सौंदर्यशास्त्र रचा है। यों हिंदी पत्रकारिता में रघुवीर सहाय की 'दिनमानी हिंदी', राजेंद्र माथुर की 'नवभारत टाइम्स' की चुटीली हिंदी और प्रभाष जोशी के संपादन में 'जनसत्ता' में गढ़ी गई हिंदी वर्तमान पत्रकारिता में खोजे न मिलेगी। न मिले कोई बात नहीं। हमारे समय में हिंदी बाज़ार, साहित्य, मीडिया, पत्रकारिता, फिल्म और विविध भारती (एफ.एम.) और टी.वी. के असंख्य चैनल में प्रवाहित हो रही है। यों यह हमें चुनना, सुनना है कि हम विविध भारती की समृद्ध-सजीली हिंदी सुनना चाहते हैं या रेडियो मंत्रा की मंत्रमुग्ध करने वाली हिंदी। हिंदी भारतीय राष्ट्र, आधुनिकता और लोकतंत्र का प्रतिनिधित्त्व करने वाली भाषा है। लोकतंत्र और आधुनिकता की बहुरंगी प्रवृत्तियां उसमें व्याप्त हैं। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान, मीडिया, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और बाज़ार में इस भाषा के सिरों और सतरों की तलाश की जा सकती है।

ISSN : 2395-7468

भोजपुरी का जीवट संघर्ष: बोली से भाषा की ओर

धीरेंद्र कुमार राय[1]

हिंदी पट्टी की कई प्रचलित बोलियों में एक भोजपुरी है। यह न केवल दैनिक कार्य व्यापार में अपने क्षेत्र में समर्थ है, बल्कि प्रवासी भारतीयों के बीच भी इसकी पहुंच है। उनसे संवाद की एक मजबूत कड़ी के रूप में स्थापित है। भोजपुरी शुरू से ही जरिगर और जोरगर संस्कृति रही है। सरल , सहज, सरस और जीवंतता इसकी विशेषता है, जिसके कारण यह रग-रग में प्रवाहित होने वाली संजीवनी बनी रहती है। यही वजह है कि सात समंदर पार जाने के बाद भी भोजपुरी भाषी अपनी बोली और संस्कृति को गर्व से जी रहे हैं। जिस प्रकार इसके बोलने वालों में शौर्य, उत्साह एवं पराक्रम के गुण पाये जाते हैं उसी प्रकार इस भाषा में भी जीवटता है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के शब्दों में कहें तो "भोजपुरी केवल भाषा नहीं, दर्शन भी है। इसमें 'मैं' नहीं बल्कि 'हम' होता है। यह सामूहिकता का बोध कराता है जो एक परिष्कृत जीवन शैली का सबसे बड़ा उदाहरण है।"

पिछले कुछ सालों से विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और राजनीतिज्ञों ने भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की बात कही है। इस बाबत व्यापक स्तर पर मुहिम तब और तेज हो गई जब मैथिली, बोडो, संथाली और डोगरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कर लिया गया। हालांकि 2006 में प्रस्ताव लाया भी गया था। तत्कालीन गृह राज्य मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने कहा था कि अगले ही सत्र में इस पर विधेयक लाया जाएगा। तब 2007 में सिविल सेवा परीक्षा में भाषाओं का निर्धारण हो जाने तक के लिए इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। जब मार्च, 2012 में संघ लोकसेवा आयोग की रिपोर्ट आई तो इस मुहिम का ज़ोर पकड़ना स्वाभाविक था। लोकसभा में उत्तरप्रदेश, बिहार और कुछ अन्य सांसदों का भोजपुरी को लेकर आक्रामक तेवर देख कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देश देते ही गृहमंत्री पी चिदंबरम ने कहा कि सरकार सीताकांत महापात्रा और संघ लोकसेवा आयोग की उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद अपना निर्णय मानसून सत्र में बताएगी। इतना ही नहीं, कभी हिंदी न बोलने वाले चिदंबरम ने भोजपुरी में दो शब्द बोलकर काफी वाहवाही लूटी। तब तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के अनुसार अगला मानसून सत्र भोजपुरियों के लिए खुशखबरी लाने वाला था। हालांकि तब से अब तक कई मानसून और सत्र दोनों बीते। सरकार भी बदली। लेकिन भोजपुरिया स्वाभिमान की लड़ाई अब भी जारी है। दरअसल वर्तमान प्रधानमंत्री ने भी पटना, बिहार में अपनी चुनावी रैली का आगाज़ भोजपुरी उद्बोधन से करते हुए इसके उचित सम्मान की बात कही थी। इस कड़ी में वर्तमान सरकार में पहली पंक्ति के कई और नेता-मंत्री भी शामिल है। अब देखना यह है कि राजनीतिक आँख-मिचौली का खेल ऐसे ही चलता रहेगा या कोई ठोस संवैधानिक कदम उठाए जाएंगे।

[1] सहायक प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसंप्रेषण विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
ईमेल: dhirugazipuri@gmail.com

किसी भी बोली को भाषा बनाने से पहले उसके सभी पक्षों पर विचार कर लेना उचित होता है। इसके आंतरिक और वाह्य दो मुख्य पक्ष होते हैं। पहले के अंतर्गत सवाल यह उठता है कि क्या भोजपुरी शासन-प्रशासन के कार्यों को करने में सक्षम है? भोजपुरी की अपनी कोई लिपि, कोश-ग्रंथ या कोई मानकीकृत व्याकरण है? उसकी साहित्य परंपरा कितनी समृद्ध है? दूसरे पक्ष में हमें इस बात पर विचार करना होगा कि भोजपुरी को भाषा क्यों बनाया जाए? उसके बोलने वालों की संख्या कितनी है? आदि।

जहां तक भोजपुरी का प्रश्न है तो प्राचीन काल से ही भोजपुरी क्षेत्र का इतिहास एवं उसकी परंपरा समृद्ध और गौरवशाली रही है। ऋषि-महर्षि, विद्वान, कलाकार राजनीतिज्ञ तथा इस धरती के वीरता की समृद्ध विरासत से इतिहास भरा पड़ा है। हालांकि भोजपुरी साहित्य का क्रमबद्ध इतिहास प्रस्तुत करना आसान कार्य नहीं है। यह ज़्यादातर मौखिक रूप में ही विद्यमान है। लिखित साहित्य अधिकतर पद्य रूप में हैं जिनमें सर्वाधिक गीतों का संग्रह है। लोक गीत, लोक कथा एवं लोक गाथाओं के रूप में इसके साहित्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिसका संकलन कर इसके साहित्य का एक बड़ा कोश तैयार किया जा सकता है।

संत कवियों एवं तुलसी, जायसी आदि अवधी के कवियों ने भी भोजपुरी संज्ञा, शब्दों एवं कहीं-कहीं क्रिया पदों का प्रयोग किया है। इन कवियों में कबीर का सर्वश्रेष्ठ स्थान है। भोजपुरी बोली का सबसे प्राचीन नमूना इन्हीं की कविता में मिलता है। धरमदास की रचनाओं में भी भोजपुरी क्रियाओं का स्पष्ट उदाहरण मिलता है। संत परंपरा के कवि शिवनारायण ने कई हस्तलिखित ग्रंथों की रचना भोजपुरी में की है। प्रसिद्ध कवि लक्ष्मी साखी के ग्रंथों में भी इसके काफी उदाहरण मिलते हैं। ऐसे अनेकों प्रमाण संत कवियों के ग्रंथ और उनकी रचनाओं में भरे पड़े हैं।

अगर भोजपुरी साहित्य के संदर्भ में इन सवालों का उत्तर खोजने की कोशिश की जाए तो हमें सबसे पहले मुगल काल और ब्रिटिश हुकूमत की तरफ देखना पड़ता है। हमें प्रमाण के तौर पर उन्हीं दस्तावेजों को खंगालना पड़ता है जिसे उन्होने अपनी जरूरत, अभिप्राय और तरकीब से लिखा। यद्यपि इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि उनमें से कुछ भाषा प्रेमियों ने भोजपुरी के लिए महत्त्वपूर्ण काम किया। जिसे आज भोजपुरी का प्रामाणिक दस्तावेज़ माना जाता है। निश्चित तौर पर इसमें जार्ज ए ग्रियर्सन का नाम सबसे पहले आता है, जिन्होंने भोजपुरी लोक गीतों के संग्रह और प्रकाशन हेतु बहुत काम किया है। आल्हा के विवाह गीत, आल्हा वध आदि तमाम लेख एवं किताबें भोजपुरी के संदर्भ में प्रकाशित कराई। इनके अलावा ह्यूज़ फ्रेचर के भोजपुरी गीतों का संग्रह, ए जी शिरेफ द्वारा संपादित पुस्तक हिंदी फोक सांग, जे कीम्स के हिंदी लोक एवं भोजपुरी गीतों का संग्रह तथा लेख इत्यादि भोजपुरी की महत्त्वपूर्ण तहरीर है।

भारतीय लोगों में भोजपुरी के कवि विसाराम की रचनाएं, कवि तेग अली की रचना बदमाश दर्पण, बाबू राम कृष्ण वर्मा की साहित्यिक पुस्तक विरह नायिका भेद, पंडित दूधनाथ उपाध्याय की प्रथम महायुद्ध के दौरान लिखी पुस्तिका भारती के गीत, उनकी रचना भूकंप पच्चीसी, अंबिका प्रसाद के भोजपुरी के गीत, भिखारी ठाकुर का नाटक बिदेसिया, मनोरंजन सिन्हा की कविता फिरंगिया, श्याम देहाती का देहाती दुलकी,

रामविचार पांडे की बिनिया-बिछिया और गोरख पांडेय की समाजवादी कविताएं इत्यादि रचनाएं भोजपुरी साहित्य की तमस्सुक हैं। भारत के बाहर मॉरिशस में ब्रजेंद्र कुमार भगत का मधु कलश, नंदलाल की सरल गीता, रामनाथ का सनातनीय विवाह के गीत, सुचिता रामदीन की संस्कार मंजरी, मॉरिशस में डॉ. सरिता बुद्धू, नीदरलैंड में पुष्पिता अवस्थी, फ़िजी में विवेकानंद वर्मा, थाईलैंड में मोहन के. गौतम इत्यादि रचनाकर एवं रचनाएं विश्व स्तर पर भोजपुरी साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं।

प्राप्त दस्तावेजों के आधार यह तर्कसंगत नहीं लगता कि भोजपुरी सिर्फ एक बोली है, भाषा नहीं। इसलिए इसे आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया जा सकता। इसके बोलने वालों की संख्या पर भी गौर किया जाए तो भोजपुरी एसोशिएशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक भोजपुरी विश्व के पांच महादेशों में 18 करोड़ से अधिक लोगों की भाषा है और विश्व में बोली जाने वाली भाषाओं में इसका दसवां स्थान है। उत्तर में हिमालय के तराई से लेकर दक्षिण में मध्य प्रांत की सरगुजा रियासत तक इसका विस्तार है। मातृभाषा के रूप में भोजपुरी भाषा भाषियों की संख्या लगभग दो करोड़ है जबकि मगही बोलने वालों की संख्या-62,35,782 है और मैथिली भाषियों की संख्या लगभग एक करोड़ है। इस प्रकार संख्या की दृष्टि से भोजपुरी बोलने वालों की संख्या बिहार की इन दोनों बोलियों के भाषियों की सम्मिलित संख्या से कहीं अधिक है। सन् 1921 की जनगणना के अनुसार भोजपुरी बोलने वालों की जनसंख्या दो करोड़ से भी अधिक थी। सन् 1941 में भोजपुरी भाषियों की संख्या कुल आबादी की 14.5 प्रतिशत थी। डॉ. ग्रियर्सन ने बंगाल के विभिन्न जिलों में रहने वाले भोजपुरियों की संख्या लगभग चार लाख आंकी वहीं आसाम के चाय बगानों में काम करने वाले भोजपुरियों की संख्या लगभग 66 हजार। इसके अतिरिक्त देश के कई स्थानों पर लाखों की संख्या में भोजपुरी लोग निवास करते हैं। इतना ही नही देश के बाहर भी मॉरिशस, फ़िजी, त्रिनीदाद, गुयाना, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल, आदि कुछ प्रमुख देशों में बहुत बड़ी संख्या में भोजपुरी लोग पाये जाते हैं। भारत के आंकड़ो के अनुसार भारत में लगभग 3.3 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते हैं। आज पूरे विश्व में भोजपुरी जानने वालों की संख्या लगभग 5 करोड़ है। जबकि गैर सरकारी आंकड़ो के मुताबिक इनकी संख्या बीस करोड़ से भी अधिक है। यहाँ एक सवाल और उठता है कि मैथिली, बोडो, संथाली, और डोगरी जैसी कम बोली जाने वाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है तो भोजपुरी को क्यों नहीं? क्या इन सभी की भाषा, साहित्य और बोलने वालों की संख्या भोजपुरी से समृद्ध है?

इन सवालों पर विचार करें तो बोडो, संथाली, डोगरी, भले ही इन भाषाओं के बोलने वालों की संख्या सीमित है लेकिन यह एक समुदाय विशेष की भाषा है। अभी इन्हें संरक्षित करने और पर्याप्त सरकारी सहयोग की जरूरत है। अतः इन्हें आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाना वाजिब है। जहां तक मैथिली और भोजपुरी की बात है तो भोजपुरी संख्यात्मक दृष्टि से बिहार की मैथिली एवं मगही इन दोनो बोलियों के भाषियों की सम्मलित संख्या से कहीं अधिक है। अब तर्क यह उठता है कि मैथिली का साहित्य समृद्ध है। लेकिन वर्तमान में भोजपुरी, भाषा और साहित्य रचना की दृष्टि से मैथिली से कम नहीं है। यहाँ तक कि कई विश्वविद्यालयों जैसे इग्नू, नालंदा, बीएचयू, आदि में इसके एम ए, डिप्लोमा, एवं सर्टिफिकेट कोर्स भी चलाए जा रहे हैं। इस दृष्टि से देखें तो यहाँ यह कहना उचित है कि बोलियां ही भाषाओं की जननी होती हैं और उन्ही की रक्त-माँस-मज्जा से भाषाओं का गठन होता है। दरअसल भाषा सिर्फ एक भाषा नहीं होती बल्कि वह एक समाज का अंग और उस सभ्यता की

प्रतिनिधि भी होती है। भोजपुरी का दायरा दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। आज कई देशों में यह मातृ भाषा की तरह प्रयोग में है। भारत के अलावा दुनिया के कई प्रमुख देशों में बड़ी संख्या में भोजपुरी बोलने और समझने वाले लोग निवास करते हैं जो विश्व भर में अपनी भाषा, साहित्य, कला, धर्म, संस्कृति और राजनीति का प्रचार-प्रसार कर रहे है। इन देशों में भोजपुरी का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। ये भोजपुरी भाषी ब्रिटिश सरकार द्वारा थोपे गए कारनामों के तहत बधुंआ श्रमिक (गिरमीटिया मजदूर) बनकर भारत से यहां आये थे।

मॉरिशस में भोजपुरी- मॉरिशस भारतीय महासागर में अफ्रीका से करीब 2500 मील दूर बसा एक छोटा देश है। प्रवासी भारतीयों का बड़ा दल सबसे पहले 1834 ई. में मॉरिशस गया था। एक समय था जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी राजसत्ता पर अधिकार करने लगी थी और भारत में एक प्रकार से अशांति फैली हुई थी। देश के कुछ प्रांतो जैसे उत्तर-प्रदेश, बिहार इत्यादि राज्यों में बेकारी तथा गरीबी चरम सीमा तक पहुंच चुकी थी। लोगों के हालात ये थे कि ऐसे में वो कही भी जाने को मजबूर थे। उनकी इस विवशता का विभिन्न देशों के अधिकारी तथा जमींदार लाभ उठाने का प्रयत्न करने लगे। उसी समय मॉरिशस के जमींदारों ने भारतीय गरीबों को प्रभावित करने के लिए यह प्रचार-प्रसार किया कि वे विदेशों में जाकर बहुत धन कमा सकते हैं। कुछ लोग यह भी कहने लगे कि मॉरिशस टापू में पत्थर तोड़ने पर भी सोने के सिक्के मिलते है। इस प्रकार की बातों से उन बेकार भारतीयों में से बहुत से लोग यहां आने को तैयार होने लगे। फलस्वरूप भारत के विभिन्न प्रांतो जैसे- बिहार, उत्तर-प्रदेश, बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल इत्यादि जगहों से प्रवासी यहां लाए गए। शुरूआती दौर में उनकी यहां बहुत दुर्दशा हुई। तमाम तरह की यातनाएं दी गयीं। दिन भर काम करने के बावजूद भी खाने का कोई व्यवस्थित इंतजाम न था। यहां तक कि एक दिन काम न करने पर उनके दो दिन के वेतन भी काट लिए जाते थे। हालात के मारे कितने मजदूरों ने आत्महत्या कर ली लेकिन बहुत से लोगों ने विपत्ति की घड़ी में हिम्मत और हौसले से काम किया।

"सन् 1834 के नवंबर महीने से सन् 1839 के मई महीने तक गिरमिटिया प्रणाली की प्रथम अवधि थी, जिसमें लगभग 25700 भारतीय हिंद महासागर के इस छोटे से द्वीप में आये। कुल मिलाकर 25000 पुरूष और 700 महिलाएं शक्कर कोठियों में काम करने के लिए लाए गए थे।" 1834 से 1910 तक यह सिलसिला चलता रहा। इस दौरान एक रिपोर्ट के मुताबिक लगभग साढ़े चार लाख भारतीय मॉरिशस लाए गए जिसमें दो लाख 90 हजार यहीं बस गए और 1 लाख 60 हजार लौटने वालों में कुछ दक्षिण अफ्रीका, फ़िजी, गुयाना तथा त्रिनीदाद में जाकर बस गए।

उन्नसवीं सदी के चैथे दशक के अंतर्गत और उसके बाद जो मजदूर अपने 5 साल के अनुबंध सेवा समाप्त कर यहीं रह गए थे वे अपनी से बसने लगे। कुछ लोगों ने यहीं अपना शादी-विवाह कर घर बसाया तथा 5वें से 7वें दशक तक आते-आते छोटे-मोटे ग्रामीण किसान के रूप में उभरने लगे।

बीसवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में भारतीय मूल के मॉरिशस वासियों में लगभग 40 प्रतिशत लोग मूल्यवान कृषि योग्य भूमि के मालिक बन चुके थे। परिणामस्वरूप इनमें से अधिकतर लोग छोटे किसान बन गए और अन्य

छोटे पैमाने पर चीनी उत्पादक बन गए। बीसवीं शताब्दी के पूर्वाद्ध तक भारतीय गिरमिटिया मजदूरों की संतानें देश की राजनैतिक गतिविधियों में शामिल होने लगी।

भारत के बिहार तथा उत्तर-प्रदेश के लोग यहां अधिक संख्या में आये थे जो भोजपुरी बोलते थे। अन्य क्षेत्रों एवं भाषा के लोग भी थे लेकिन इन सब में भोजपुरी बोलने वालों की प्रधानता थी। मॉरिशस में लाकर इन भारतीयों को अलग-अलग गांवों में बसाया गया। किसी भी गांव में इन्हे बसाते समय इनकी भाषा, वर्ण, तथा धर्म आदि का ध्यान नही रखा जाता था। अतः हर गाँव, हर जमींदार के इलाके में विभिन्न भाषा-भाषी मजदूरों ने एक साथ रहकर बहुवर्गीय समाज की स्थपना की।

आज मॉरिशस की 50 प्रतिशत आबादी हिंदू है। वहां की दो तिहाई आबादी जनभाषा भोजपुरी बोलती है। "आज मॉरिशस की 69 प्रतिशत जनसंख्या भारतीय है। वहां की लगभग 8 लाख की आबादी में 4 लाख आबादी भोजपुरियों की है।" आज 40 मील की लंबाई और 29 मील की चैड़ाई वाला यह टापू भोजपुरी संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन गया है।

मॉरिशस की राष्ट्रभाषा अंग्रेजी है। लेकिन 'भोजपुरी' भारतीयों के क्रियाकलाप और उनके व्यवहार की भाषा है। वहां के ज्यादातर हिंदुओं की यह मातृभाषा है। खड़ी बोली के प्रचार के बावजूद भी गांव के लोग भोजपुरी में ही बात-व्यवहार करते है। मॉरिशस में भारतीयों की संख्या शुरू से ही अन्य जतियों से अधिक रही है। यहां भोजपुरी बोलने वाले लोगों में मुख्य रूप से हिंदू और मुसलमान थे। इनके संपर्क में रहते -रहते अन्य प्रवासी भारतीय भी इस भाषा के आदि हो गए। आज यहां भारतीयों को छोड़कर गैर भारतीय भी भोजपुरी बोलते और समझते है। "मॉरिशस के दैनिक जीवन में लोग मुख्यतया तीन भाषाओं के द्वारा संपर्क स्थापित करते है- 'फ्रेंच', 'क्रियोल', और 'भोजपुरी' जिसके कारण ये तीनों भाषाएं आपस में एक दूसरे से प्रभावित है।"

फ़िजी में भोजपुरी- फ़िजी भारत से हजारों मील दूर प्रशांत महासागर में स्थित छोटे-छोटे द्वीप समूह का एक देश है जहां भारतीयों का भी निवास है। भारत से लगभग 12 हजार मील दूर प्रशांत महासागर लगभग 844 द्वीपों की एक लंबी श्रंखला में फैली है जिनमें फ़िजी द्वीप सबसे बड़ा है। फ़िजी द्वीप के आदिवासी 'काइवाती' कहे जाते है। फ़िजी का वास्तविक नाम 'वीती' है जिसे अंग्रेजों ने फ़िजी बना दिया। ठीक वैसे ही जैसे इरानियों ने 'सिंध' को 'हिंद' और फिर अंग्रेजों ने हिंद को 'हिंदिया' तथा बाद मे 'इंडिया' बना दिया। कुछ विद्वान फ़िजी और भारत का संबंध प्राचीन काल से मानते आये है। उनका मानना है कि फ़िजी वही रमणीक द्वीप है जिसका उल्लेख श्रीमद्भग्वद्गीता में मिलता है। फ़िजी में भोजपुरी भाषा का उदय और भारतीयों के आगमन का इतिहास विश्व की एक महत्त्वपूर्ण घटना है जो लगभग 130 साल पुरानी है, जब शर्तबंदी प्रथा के अंतर्गत मजदूरो का प्रथम दल 19 मई 1879 को 'लियोनीदास' जहाज द्वारा फ़िजी पहुंचा जिसे गिरमिट कहा जाता है। बिहार, उत्तर-प्रदेश, पंजाब, और कुछ दक्षिण प्रदेशों से पहुंचे भारतीय मजदूरों के साथ ही भोजपुरी तथा हिंदी भाषा, साहित्य और भारतीय संस्कृति फ़िजी पहुंची। यह काल भारतीय मजदूरों के लिए घोर संकट तथा विपत्ति का समय था। इन्होने शारीरिक , मानसिक यातनाएं सहने के बावजूद अपने धर्म, अपनी संस्कृति तथा भाषा को जीवित रखा।

आंकड़ो के मुताबिक सन् 1879 से लेकर सन् 1916 तक 60,553 भारतीय गिरमिट की प्रथा में फंसकर फ़िजी द्वीप में गए। सन् 1916 में गिरमिट काल में भारतीयों के प्रति अमानवीय व्यवहार के कारण क्रांति होने लगी जिसके कारण गिरमिट प्रथा को समाप्त करना पड़ा। सन् 1920 में यह प्रथा पूर्णतः समाप्त हो गयी। गिरमिट की अवधि को पूरे कर कितने ही भारतीय स्वदेश लौट आये लेकिन इनमें से अधिकतर फ़िजी में ही रहकर स्वतंत्र रूप से खेती तथा व्यापार करने लगे। इनमें से अधिकांश अशिक्षित थे फिर भी उन्होनें अपनी लगन और मेहनत से फ़िजी के सामाजिक तथा आर्थिक विकास में पूरा-पूरा हाथ बटाया। आर्थिक कठिनाइयों तथा भेदभाव को झेलते हुए भी उन्होनें अपनी संतानो को शिक्षित करने में कोई कसर नही छोड़ी। इन्हीं पूर्वजों की मेहनत और त्याग के फलस्वरूप 'फ़िजी' द्वीप आज प्रशांत महासागर के 'स्वर्ग' के नाम से प्रसिद्ध है।

"शुरूआती दौर में लगभग 500 भारतवासी अपनी मातृभूमि को छोड़ कैदियों और गुलामों की तरह 'फ़िजी' जा रहे थे जहां पहुंचने पर उन्हे रहने के लिए मात्र डेढ़ फुट चौड़ी और छः फुट लंबी जगह प्रत्येक व्यक्ति को दी गयी । इतनी जगह एक मनुष्य के लिए कितनी पर्याप्त हो सकती है आप स्वयं विचार कर सकते हैं।"

आज फ़िजी के साथ भारत का संपर्क बहुत घनिष्ट है। वर्तमान में फ़िजी की जनसंख्या लगभग साढ़े-पांच लाख है जिनमें भारतवंशियों की संख्या लगभग पौने-तीन लाख के आस-पास है। आज के फ़िजी की अंतरजातीय एकता और सद्भावना फ़िजी के उज्जवल भविष्य का सूचक है। फ़िजी के भारतवंशी तमिल, तेलगु, केरल, राजस्थान, पंजाब, बिहार तथा उत्तर-प्रदेश इत्यदि प्रांतों से आये थे। आज वे अपने परिवार सहित हिंदी के साथ-साथ अपनी लोक भाषा बोलते है। फ़िजी में जहां अनेक देशीय एवं देशज शब्दों का प्रयोग प्रचुर मात्रा में हो रहा है वहीं भोजपुरी और अवधी मुख्यतः इस बोली की धुरी रही है। आज भी प्रवासी भारतीयों में धर्म और संस्कारों का अभूतपूर्व सम्मान है। उनके जीवन के वे अभिन्न अंग है। भोजपुरी-अवधी मिश्रित हिंदी वहां के प्रवासी भारतीयों की पहचान और घरेलू भाषा है। फ़िजी की हिंदी का भी मूल अधार भोजपुरी तथा अवधी ही है।

त्रिनीदाद में भोजपुरी- त्रिनीदाद के लिए भोजपुरी का कोई बहुत प्राचीन इतिहास नही है। भारतवर्ष में भोजपुरी के जो रूप प्रचलित है उन्ही में से एक रूप का यहां विकास हुआ है। परंतु इस बोली ने प्रवासी भारतीयों को त्रिनीदाद जैसे सुदूर टापूओं वाले देश में एक दूसरे से जोड़कर रखा है। सबसे बड़ी विडंबना रही कि जब वहां रानीतिक वर्चस्व का समय आया तो भोजपुरी को दरकिनार कर सबने अंग्रेजी का दामन थाम लिया। बावजूद इसके भोजपुरी वहां आज तक जीवित है।

त्रिनीदाद में भोजपुरियों से पहले कुछ लोग वहां पहुचे थे परंतु किसानी पृष्ठभूमि से पहली बार वहां भारतीय प्रवासी ही पहुंचे। धीरे-धीरे भोजपुरियों ने अपने काम-काज में दक्षता के साथ ही सामाजिक संरचना भी शुरू कर दी। भोजपुरी के माध्यम से यहां के समुदाय की पहचान बनने लगी और यही भाषा पहचान के अतिरिक्त संपर्क भाषा भी बन गयी। चूंकि भारत से हिंदी बोलने वाला प्रबुद्ध वर्ग त्रिनीदाद नही पहुंचा इसलिए प्रवासी भोजपुरियों के साथ भाषा की जटिल समस्या बनी रही क्योंकि कि वे अपने पुराने परिवेश में हिंदी को केंद्रीय और संपर्क भाषा मानते थे । इसलिए उनका झुकाव स्वभावतः अंग्रेजी की तरफ हुआ। जिसे खेतों के मालिक भी बोलते थे। इसलिए

प्रवासी भारतीयों ने अंग्रेजी को संकोच के साथ स्वीकार किया। भोजपुरी परस्पर संपर्क भाषा के रूप में विकसित होने लगी । यद्यपि भारत वर्ष में भोजपुरी को यह स्थान कभी प्राप्त नही हुआ।

किसी भाषा का मानकीकरण साकारात्मक और नाकारात्मक दोनों पक्षों से ग्रसित होता है। जब त्रिनीदाद में भोजपुरी का प्रयोग जनजीवन की भाषा के रूप में होने लगा तब जो भाषा इसके पूर्व वहां आयी थी वह पृष्ठभूमि में जाने के लिए अभिशप्त हो गयी। केवल तमिल ही भोजपुरी के झोंके को एक सीमा तक झेल सकी। यद्यपि भोजपुरी का एक खास सीमा से आगे बढ़ना संभव नही था। यही वजह था कि प्रवासी भारतीय वहां की कुछ अन्य बोलियों में भी रूचि लेने लगे ताकि सह अस्तित्त्व की भावना को बल मिले। परंतु अन्य बोलियों में भी भोजपुरी के कुछ शब्दों के प्रयोग प्रचलन में होते गए। इस प्रकार त्रिनीदाद के प्रवासी भारतीयों में भोजपुरी भाषा के बोलने वालों में भारत की अपेक्षा अधिक एकरूपता उत्पन्न हो गयी। भोजपुरी में जो परिवर्तन हुआ वह अचानक न होकर क्रमिक रहा और भारतवर्ष में जो काम हिंदी से लिया जाता था वही यहां भोजपुरी से लिया जाने लगा।

सूरीनाम में भोजपुरी- कैरेबियन देशों में सूरीनाम एक ऐसा देश है जहां के लोग भारतीय संस्कृति और दर्शन में अत्यधिक रूचि रखते है। भारतीय मजदूर के रूप में आये स्त्री-पुरूष अपने साथ धर्म संस्कृति और अपनी भाषा लेकर आये थे। 19 सितम्बर 1870 को हालैंड, इंग्लैंड की सरकार के शर्तनामें के अनुसार भारत से सूरीनाम मजदूर पहुंचाए गए। अधिकतर मजदूर उत्तर-प्रदेश और कलकत्ता के थे। इन मजदूरों को लोग 'कूली' और 'कलकतिया' कहकर पुकारते थे। सूरीनाम में 1873 से लेकर 1916 तक कुल 33,000 शर्तबंद मजदूर पहंचे जिनमें से लगभग 11,000 अपनी शर्तबंदी का समय पूरा करके भारत लौट गए। शेष 22,000 हौलैंड और सूरीनाम में जाकर बसे । साढ़े-चार लाख भारतीयों की आबादी वाले इस छोटे से देश में सौ से भी अधिक हिंदी भाषा के स्कूल है। आम बोल-चाल की भाषा में लोग 'सूरनामी' का प्रयोग करते है जो भोजपुरी और अवधी का एक रूप है इसके अलावा वहां मुख्य रूप से 'डच' और 'क्रियोल' का ज्यादा प्रचलन है। सूरीनाम के अधिकांश हिंदुस्तानी की मातृभाषा को वहां के लोग 'सरनामी' कहते है। सरनामी शब्द 70 के दशक में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान उभरकर सामने आया। जिसे प्रायः अधिकांश हिंदुस्तानियों ने अपनी मातृभाषा के रूप में अपनी बोली भोजपुरी और अवधी के बदले स्वीकार किया।

दक्षिण अफ्रीका में भोजपुरी- दक्षिण अफ्रीका में मुख्य रूप से 6 भारतीय भाषाएं प्रचलित है, जिसमें तमिल, हिंदी, भोजपुरी, गुजराती, उर्दू और तेलगु है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य भाषाएं भी लघु समुदायों द्वारा बोली जाती हैं। दक्षिण अफ्रीका में भी फ़िजी, मॉरिशस, त्रिनीदाद आदि की तरह तमिल, हिंदी, भोजपुरी, उर्दू और तेलगु भाषी 1860 ई. से यूरोपीय उपनिवेशों के लिए शर्तबंद मजदूर के रूप में लाए गए। भारत से दक्षिण भारतीयों की अपेक्षा उत्तर भारतीय अधिक संख्या में वहां आये। इनके बोल-चाल की हिंदी अनेक उप-बोलियों की अपेक्षा भोजपुरी के अधिक निकट है। दक्षिण अफ्रीका में गए प्रवासी भारतीयों की भाषा मुख्य रूप से हिंदी, भोजपुरी और अवधी का मिश्रित रूप दिखती है। अंग्रेजी वहां की राज-काज की भाषा है जबकि हिंदी वहां की द्वितीय भाषा है। भोजपुरी, अवधी ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ घरों में बोली जाती है। इन प्रमुख देशों के अलावा दुनिया के कई ऐसे देश है जहां भोजपुरी का प्रचार-प्रसार है।

इन सभी विवरणों के आधार पर यह स्पष्ट रूप से कहा सकता है कि आज विश्व के हर कोने में प्रवासी भारतीय भोजपुरी भाषा एवं संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

इन सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद यह कहीं से जायज नहीं लगता कि भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल जब भी भोजपुरी का आंदोलन जोर पकड़ता है तब तथाकथित हिंदी प्रेमियों के मन में हिंदी के भविष्य को लेकर चिंता पैदा होने लगती है। अब यहाँ सबसे बड़ा और प्रमुख सवाल यह खड़ा होता है कि भोजपुरी अगर भाषा बन गई तो क्या हिंदी कमजोर हो जाएगी? हिंदी राष्ट्रभाषा के लिए जो संघर्ष कर रही है, क्या वह संघर्ष कमजोर पड़ जाएगा? भोजपुरी के बाद ब्रज, अवधी, आदि हिंदी की बोलियों को भी भाषा बनाने का आंदोलन अगर खड़ा हुआ तो क्या हिंदी राजभाषा भी रह पाएगी? ये महत्त्वपूर्ण प्रश्न हैं जिसपर गंभीरता से विचार किया जाना बाकी है। हालांकि दो-ढाई सौ वर्ष पहले विकसित हुई हिंदी और लगभग सौ वर्षों के खड़ी बोली के विकासक्रम को देखें तो हिंदी के भविष्य को लेकर कोई संशय नहीं है। हिंदी और खड़ी बोली की भाषाई विकास यात्रा में लोकबोली या लोक भाषाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। हिंदी की विपुल शब्द-संपदा में बृज, अवधी, भोजपुरी, मैथिली, मगही, या अंगिका, वज्जिका समेत तमाम लोक बोलियों के योगदान को नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते। हिंदी भाषा का साहित्य जितना ही नवीन है, लोक भाषा का मौखिक साहित्य उतना ही पुराना है। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं है कि आज भी ये बोलियाँ हिंदी के लिए खाद-पानी का काम कर रही हैं। यह सच है कि जैसे-जैसे हिंदी परिष्कृत होती गई, लोक से उसकी नज़दीकियाँ और बढ़ी है। आखिर बोलियों की परंपरा को काटने के बाद हिंदी के पास बचता क्या है? यह महत्त्वपूर्ण अकादमिक प्रश्न है। इस संदर्भ में वरिष्ठ साहित्यकार विभूति नारायण राय ने लिखा कि हिंदी के भविष्य का प्रश्न हिंदी के स्वरूप से जुड़ा है। यदि भविष्य में भी हिंदी का स्वरूप समवेशी बना रहा और उसने दूसरी भाषाओं या बोलियों को आत्मसात करने की अपनी क्षमता बरकरार रखी, तो उसके लिए कोई खतरा नहीं है। आज लोक बोलियों एवं भाषाओं का संरक्षण, संवर्धन हिंदी के लिए भी उतना ही जरूरी है जितना कि स्वयं उसके लिए।

कैफ़ी, कैफियत और 'कैफियात'

डॉ. एहसान हसन[1]

उर्दू की प्रगतिशील काव्य धारा के चर्चित शायरों में कैफ़ी आज़मी की गणना होती है। कैफ़ी का जन्म उत्तर प्रदेश के आज़मगढ़ जनपद के मिजवाँ ग्राम में 15 अगस्त, सन् 1918 ई.[1] को, एक ज़मींदार परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम सैय्यद फ़तेह हुसैन रिज़वी था। कैफ़ी का वास्तविक नाम सैय्यद अतहर हुसैन रिज़वी था, बाद में शायरी के सिलसिले में उन्होंने अपना उपनाम 'कैफ़ी' रख लिया और फिर इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। कैफ़ी के परिवार में सब बहुत पढ़े-लिखे और ऊँचे ओहदे वाले थे। घर में तालीम और तहज़ीब का माहौल था। अक्सर काव्य गोष्ठियां हुआ करतीं। बचपन से ही कैफ़ी का रूझान शेर-ओ-शायरी की तरफ़ हो गया था और उन्होंने ग्यारह वर्ष की उम्र में अपनी पहली ग़ज़ल कही। जिसके दो शेर प्रस्तुत हैं-

इतना तो जिन्दगी में किसी के ख़लल पड़े,
हँसने से हो सुकून न रोने से कल पड़े।
मुद्दत के बाद उसने जो की लुत्फ़ की निगाह,
जी ख़ुश तो हो गया मगर आँसू निकल पड़े।

कैफ़ी की प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही हुई और बाद में मौलवी बनाने की ग़रज़ से उन्हें लखनऊ के एक मदरसे 'सुल्तानुलमदारिस' में दाखिल करा दिया गया। शीघ्र ही, जहां की दकियानूसी और पुरातनपंथी व्यवस्था के खिलाफ़ कैफ़ी ने आवाज उठानी शुरू कर दी। अपने साथियों की मदद से मदरसे के प्रबंधतंत्र के खिलाफ़ बाक़ायदा तौर पर आंदोलन छेड़ दिया। विरोधों और धरना-प्रदर्शन में कैफ़ी अपनी जोशीली व इंक़लाबी नज़्में सुनाया करते। इसी दौरान कैफ़ी अली अब्बास हुसैनी, सैय्यद एहतेशाम हुसैन और अली सरदार जाफ़री के संपर्क में आए। इन लोगों की सोहबत से कैफ़ी के विचारों को न सिर्फ़ प्रोत्साहन मिला बल्कि प्रखरता और स्पष्टता भी प्राप्त हुई। यहीं से उस नींव का निर्माण हुआ जिस पर कैफ़ी की राजनीति, समाज और साहित्य की वैचारिक संरचना स्थापित हुई। मदरसे से कैफ़ी का संबंध टूट गया, इस बात को उर्दू की एक लेखिका 'आयशा सिद्दीक़ी' ने अपने एक लेख में कुछ यूँ लिखा है- *"कैफ़ी साहब को उनके बुज़ुर्गों ने एक दीनी दर्सगाह में इस ग़रज़ से दाखिल किया था कि वहां ये फ़तेहा पढ़ना सीख जाएंगे। कैफ़ी साहब उस दर्सगाह में मज़हब पर फ़तेहा पढ़ के निकल आए।"* बाद में कैफ़ी ने लखनऊ और इलाहाबाद युनिवर्सिटी से प्राइवेट परीक्षाएं दे कर उर्दू, फ़ारसी और अरबी की कई डिग्रियां हासिल कीं।

अली सरदार जाफ़री जो उस वक़्त 'ऑल इंडिया स्टूडेंट्'स फेडरेशन' (A.I.S.F.) में सक्रिय थे, कैफ़ी को कानपुर की मज़दूर सभाओं और ट्रेड यूनियनों में ले गए। जहां पर कैफ़ी ने श्रमिक वर्ग की समस्याओं को क़रीब से देखा और हक़ व इंसाफ़ की लड़ाई में उनके साथ शामिल हो गए। यहीं पर कैफ़ी कम्युनिस्ट

[1] असिस्टेंट प्रोफेसर, उर्दू विभाग, बनारस हिंदू युनिवर्सिटी, वाराणसी-221005 Mob. 09935352141,
E-mail - screenscholar@yahoo.com

लिटरेचर से भी वाकिफ़ हुए और फिर आगे बाक़ायदा तौर पर कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ गए। यहां ध्यान देने योग्य बात है कि कम्युनिस्ट विचारधारा पूँजीवाद एवं ज़मींदारी के बिल्कुल खिलाफ़ होती है और एक ज़मींदार परिवार का युवक कम्युनिस्ट होने में इस स्वीकारोक्ति के साथ, "अब मुझे वह रास्ता मिल गया जिस पर मैंने जिंदगी का इतना लंबा सफ़र तय किया।" गर्व महसूस करता है।

धीरे-धीरे कैफ़ी की गतिविधियाँ बढ़ती गई और वह 'प्रगतिशील लेखक संघ' (P.W.A.) से भी जुड़ गए। अली सरदार जाफ़री और सैय्यद एहतेशाम हुसैन वग़ैरह इस संघ के प्रमुख लोगों में थे। बढ़ती रूचि और काम करने की लगन कैफ़ी को बंबई (अब मुंबई) खींच ले गई और वहां पर वह समान रूप से 'प्रगतिशील लेखक संघ' तथा कम्युनिस्ट पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय हो गए, यह सन् 1943 ई. का समय था। ऐसा माना जाता है कि तत्कालीन 'प्रगतिशील लेखक संघ' कम्युनिस्ट पार्टी का साहित्यिक प्रकोष्ठ था। जिसके अधिकांश सदस्य पार्टी मेंबर भी थे और 'प्रगतिशील लेखक संघ' की वैचारिकता, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, शैली आदि-आदि प्रखर कम्युनिस्ट विचारधारा पर आधारित होती थी। उस समय बंबई इन सब के केंद्र की हैसियत ले चुकी थी। कैफ़ी की नज़्में कम्युनिस्ट पार्टी के अख़बार 'क़ौमी जंग' में प्रकाशित हो रही थीं। उन दिनों में कैफ़ी की साहित्यिक सरगर्मी की तरफ़ इशारा करते हुए डॉ. रामबिलास शर्मा लिखते हैं- *"बंबई में कई बार साथियों ने मार्क्सवाद और साहित्य पर बोलने के लिये आमंत्रित किया। अनेक बार मैं आगरा से बंबई गया। इस्मत चुग़ताई के घर पर बैठकें होती थीं। वहां ज़्यादातर उर्दू के लेखक आते थे। कैफ़ी आज़मी इनमें आगे बढ़ कर हिस्सा ले रहे थे।"*

वर्ष 1947 ई. में हैदराबाद में 'प्रगतिशील लेखक संघ' का सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें अली सरदार जाफ़री, मजरूह सुल्तानपुरी, साहिर लुधियानवी वग़ैरह के साथ कैफ़ी आज़मी भी शामिल हुए। इस सम्मेलन में एक मुशायरा भी हुआ और कैफ़ी ने अपनी नज़्म "ताज" सुनाई जो बहुत सराही गई। ख़ास तौर से नज़्म की इस पंक्ति "ये वो कश्कूल-ए-गदाई है जो भरता ही नहीं" पर बहुत वाह-वाह हुई। दरअसल यह नज़्म निज़ाम हैदराबाद का सांकेतिक रूप में विरोध थी और फिर तो कैफ़ी की हिम्मत व बेबाकी के चर्चे शुरू हो गए। इसी मुशायरे में एक मोहतरमा अपने भाई के साथ आई हुई थीं, कैफ़ी से वह कुछ अधिक ही प्रभावित हुईं जिसका एहसास कैफ़ी को भी हो गया, दोनों की आँखें चार हुईं, दोनों ने एक-दूसरे की भावनाओं को समझा और बात आगे बढ़ गई। थोड़े ही दिनों बाद उन मोहतरमा की कैफ़ी से शादी हो गई और वह 'शौकत कैफ़ी' के नाम से प्रसिद्ध हुईं।

शादी के बाद कैफ़ी के साथ शौकत भी उसी कमरे में रहने लगीं जो कमरा कम्युनिस्ट पार्टी ने बंबई के अँधेरी कम्युन में कैफ़ी को रहने के लिये दे रखा था। वो दिन ही अजब थे, परेशानी और तंगदस्ती के लेकिन साथ ही साथ जोश व जज़्बा और कर्मठता के भी। उन दिनों को याद करते हुए शौकत कैफ़ी लिखती हैं- *"दरअसल मैं पार्टी मेंबर नहीं थी इसलिए पार्टी मेरे खानें के तीस रूपये नहीं देती थी। कैफ़ी को कमाने पड़ते थे। चूँकि कैफ़ी होलटाइमर थे इसलिए पैसे कमाने के लिये ज़्यादा वक़्त नहीं दे सकते थे। उन्होंने उर्दू के एक डेली पेपर 'जम्हूरियत' में पांच रुपया रोज़ पर एक तन्जिया-मज़ाहिया नज़्म लिखनी शुरू की। रोज़ उन्हें*

कोई न कोई नया मौजूअ सोचना पड़ता था। वह बेचारे रोज़ सुबह पांच बजे उठ कर, किसी दरख़्त के नीचे बैठ जाते और लिखने लगते। उन्हें इस तरह लिखते देख कर मेरा दिल कट सा जाता लेकिन मैं उनकी कोई मदद नहीं कर सकती थी।"

कैफ़ी आज़मी और शौकत का पहला बच्चा एक बेटा था जो अधिक दिनों तक जीवित न रहा, बीमारी की वजह से उसकी मौत हो गई। दूसरे बच्चे के रूप में शबाना बिटिया थी। संयोग देखिये कि पहले बच्चे के जन्म के समय कैफ़ी बंबई से लग-भग तीस मील दूर भिवंडी में 'प्रगतिशील लेखक संघ' के ऐतिहासिक सम्मेलन के आयोजन में व्यस्त थे और शबाना की पैदाइश के वक़्त कैफ़ी भूमिगत चल रहे थे। इन विकट परिस्थितियों का शौकत ने बड़ी दिलेरी से सामना किया। इन तमामतर झंझावातों में कैफ़ी विचलित न हुए और निरंतर अपनी कर्मठता व सक्रियता बरक़रार रखी, चाहे वह पार्टी के स्तर पर रही हो या फिर साहित्य सृजन व 'प्रगतिशील लेखक संघ' के स्तर पर। कैफ़ी की मेहनत और उनके महत्त्व को समझते हुए उन्हें 'इप्टा' का अध्यक्ष और फिर 'अपना अदब' का संपादक बना दिया गया। इन दोनों ही भूमिकाओं के साथ कैफ़ी ने लगन व परिश्रम से पूर्णतया न्याय किया। बाद में आर्थिक दुश्वारियों ने कैफ़ी को फिल्मों की तरफ़ मोड़ दिया जहां गीतों के साथ-साथ पटकथा और संवाद लेखन में भी उन्होंने अपना कमाल दिखाया। फिल्म 'गर्म हवा' के लिये कैफ़ी को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

कैफ़ी की जिंदगी में एक अहम मोड़ उस वक़्त आया जब 9 फ़रवरी, 1973 ई. को उन पर फ़ालिज का ज़बरदस्त हमला हुआ और वह मौत के क़रीब पहुंच गए। लेकिन अदम्य जिजीविषा से भरे कैफ़ी ने मौत को मात दी, हालांकि इस संघर्ष में उनका एक हाथ और पैर लकवाग्रस्त हो गया। इसके बावजूद कैफ़ी सक्रिय रहे और विभिन्न मुशायरों, गोष्ठियों, सम्मेलनों और पदयात्राओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। सन् 1975-76 के दौरान 'प्रगतिशील लेखक संघ' को नवसृजित करने के सिलसिले में अली सरदार जाफ़री और मजरूह सुल्तानपुरी वग़ैरह के साथ देश के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। कैफ़ी ने अपनी शारीरिक मजबूरी को कभी भी अपनी कर्मठता और सक्रियता पर हावी न होने दिया। जीवन के आखिरी दौर में कैफ़ी ने अपने गांव 'मिजवाँ' की सुध ली और उसकी काया पलट कर दी। 'मिजवाँ' को तमामतर बुनियादी सुविधाओं मसलन बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल, स्कूल, डाकघर, टेलीफ़ोन आदि-आदि से सुसज्जित कर दिया। यह उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता और अपनी मिट्टी से लगाव का अनूठा नमूना है। कैफ़ी अपने एक लेख 'मैं और मेरी शायरी' में लिखते हैं-

"अपने बारे में यक़ीन के साथ सिर्फ इतना कह सकता हूँ कि
मैं महकूम हिंदोस्तान में पैदा हुआ, आज़ाद हिंदोस्तान में बूढ़ा
हुआ और सोशलिस्ट हिंदोस्तान में मरूँगा।"

उनकी यह ललक पूरी हुई या नहीं, क्या कहा जा सकता है? कि काम और कलाम का यह कर्मठ व्यक्तित्त्व 1 मई, सन् 2002 ई. को इस संसार से विदा हो गया।

'कैफियात' कैफ़ी आज़मी का समग्र रूप में काव्य संकलन है, जिसके अध्ययन से कैफ़ी की शायरी के विभिन्न पहलुओं को समझा जा सकता है। यहां संक्षेप में कुछ प्रमुख पहलुओं पर रौशनी डाली जा रही है।

कैफ़ी आज़मी की शायरी में विरोध का स्वर प्रमुखता से दिखाई पड़ता है। कैफ़ी ने मेहनतकश मज़दूर वर्ग के समर्थन में, उनके हक़ की लड़ाई में, पूंजीपति धनाढ्य वर्ग का विरोध किया। उनकी नज़्म "धुँआ" की ये पंक्तियां देखें-

साथ उड़ती हुई ले के अँगड़ाइयां,
घड़घड़ाती मशीनों की परछाइयां।
दामन-ए-तार पर जाबजा नक़्शगीर,
खून-ए-मज़दूर की आड़ी तिरछी लकीर।

इसी तरह कैफ़ी की नज़्म "ताज महल" में भी बड़े ही संवेदनशील ढंग से विरोध का स्वर मुखर है-

दोस्त! मैं देख चुका ताजमहल...वापस चल,
ख़ुद-ब-ख़ुद फिर गए नज़रों में बअंदाज़-ए-सवाल,
वे जो रस्तों पे पड़े रहते हैं लाशों की तरह,
ख़ुश्क हो कर जो सिमट जाते हैं बेरस एसाब,
धूप में खोपड़ियां बजती हैं ताशों की तरह।
दोस्त! मैं देख चुका ताजमहल...वापस चल,

विरोध के समानांतर ही कैफ़ी के यहां जन-जागरण का नारा भी सुनाई पड़ता है। जनता की जागृति और उठ खड़े हो कर लड़ने की ललकार का स्वर भी उनकी शायरी का प्रमुख विषय बना। कैफ़ी की नज़्म "जगावा" की ये पंक्तियां देखें-

बेदाद के हाथों में कड़कती है कमां देख,
मैदान में इनसान के लाशे हैं तपां देख,
उठ रंग-ए-फ़लक, रंग-ए-ज़मीं, रंग-ए-जहां देख,
भारत के जवां ऐ मेरे भारत के जवां देख।

कैफ़ी की शायरी में 'स्त्री-विमर्श' और 'नारी-जागरण' के अच्छे उदाहरण मिलते हैं। 'जीवन संगिनी' शब्द की सार्थकता सिद्ध करती उनकी नज़्म "औरत" जिसका एक उत्कृष्ट नमूना है। चंद पंक्तियां देखें-

गोशा गोशा में सुलगती है चिता तेरे लिये,
फ़र्ज़ का भेष बदलती है क़ज़ा तेरे लिये,

क़हर है तेरी हर इक नर्म अदा तेरे लिये,
ज़हर ही ज़हर है दुनिया की हवा तेरे लिये,
रुत बदल डाल अगर फूलना फलना है तुझे,
उठ मेरी जान! मेरे साथ ही चलना है तुझे।

कैफ़ी के यहां हमें प्रगतिशील दृष्टिकोंण से प्रेरित सौंदर्यबोध प्रमुखता से मिलता है। मेहनत और कर्मठता से युक्त सौंदर्य उनके यहां आदर्श रूप में स्वीकृत है। कैफ़ी की नज़्म "नया हुस्न" की ये पंक्तियां देखें-

जिंदगी चलती रही काँटों पे, अंगारों पर,
जब मिली इतनी हसीं, इतनी सुबुक चाल तुझे,
अब न झपकेगी पलक, अब न हटेंगी नज़रें,
हुस्न का मेरे लिये आखिरी मेयार है तू।

इन सब बातों के अलावा कैफ़ी की शायरी देश-प्रेम और स्वाधीनता के भावों को भी प्रभावी रूप में प्रस्तुत करती है। 'कैफियात' की अधिकांश नज़्में किसी न किसी रूप में मुल्क के प्रति कैफ़ी की मुहब्बत, फिक्रमंदी और उनके प्रगतिशील विचारों का प्रतिनिधित्त्व करती हैं। नज़्म "माहौल" की ये पंक्तियां देखें-

मेरे मुतरिब न दे लिल्लाह मुझको दावत-ए-नग़मा,
कहीं साज़-ए-ग़ुलामी पर ग़ज़ल भी गाई जाती है।

नज़्म "नौजवान" की ये पंक्तियां-

हम बसाएंगे सजाएंगे सँवारेंगे तुझे,
हर मिटे नक़्श को चमका के उभारेंगे तुझे,
अपनी शह रग का लहू दे के निखारेंगे तुझे,
दार पर चढ़ के फिर इक बार पुकारेंगे तुझे,
राह अग़यार की देखें ये भले तौर नहीं,
हम भगत सिंह के साथी हैं कोई और नहीं।

कैफ़ी ने अपने समय के राजनीतिक मुद्दों को भी अपनी शायरी में प्रमुखता से प्रस्तुत किया। चाहे वह रूस को ले कर हो या भारत को या फिर संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को लेकर। कम्युनिस्ट इकाई के टूटने पर "आवारा सजदे" जैसी नज़्म कही। इसी प्रकार "लेनिन", "रूसी आवाम और जंग", "रूसी औरत का नारा", "मक़्तल-ए-बैरूत", "बंगला देश", "नज़र-ए-कराची", "आखिरी जंग", "तेलंगाना" जैसी नज़्में भी राजनीतिक विषयों पर आधारित हैं। कैफ़ी ने देश के नाज़ुक सियासी हालात को देखते हुए बाक़ायदा तौर पर एक मसनवी "ख़ाना जंगी" की रचना की। इसी तरह उनकी नज़्म "इबलीस की मजलिस-ए-शूरा, दूसरा इजलास" तत्कालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य की पड़ताल करती है।

कैफ़ी के यहां सामाजिक कुरीतियों पर भी नज़्में मिलती हैं। जिसकी बेहतरीन मिसाल के तौर पर नज़्म "बेवा की खुदकुशी" का नाम लिया जा सकता है। कैफ़ी ने अपनी शायरी में सांप्रदायिकता का बहुत ही संवेदनशील तरीक़े से विरोध किया। उनकी नज़्में "बहुरूपनी", "सोमनाथ", "साँप", "दूसरा बनबास" वग़ैरह जिसकी सशक्त अभिव्यक्ति हैं।

इन सब सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ कैफ़ी की शायरी में प्रेम की निजता और उसकी घनीभूत पीड़ा भी है। यहां भी क़ुर्बानी नज़र आती है। समर्पण है, यह समर्पण अपने आदर्श प्रेम के प्रति है। कहीं कोई भ्रम की स्थिति नहीं है, भटकाव नहीं है अपितु एक दृढ़ किंतु शालीन स्थायित्त्व है। उनकी ग़ज़लें जिसकी सशक्त अभिव्यक्ति हैं-

जो वो मेरे न रहे मैं भी कब किसी का रहा,
बिछड़ के उनसे सलीक़ा न जिंदगी का रहा।

और ये शेर-

पाया भी उनको खो भी दिया चुप भी हो रहे,
इक मुख़्तसर सी रात में सदियां गुज़र गईं

कैफ़ी आज़मी जिंदगी की आग में तप कर कुंदन की मानिंद हो गए थे। यही वजह थी कि अत्यंत विवशताओं में भी वह अपने काम में लगे रहे। उन्होंने जिंदगी को बहुत क़रीब से देखा था और एक ऐसा इंसान जो जीवन की कटु वास्तविकताओं से रूबरू होता रहता है, उसके अंदर एक स्थायित्त्व आ जाता है। यह स्थायित्त्व हिम्मत और दिलेरी का होता है, अर्थात न तो ख़ुशी उसे सरमस्त कर देती है और न ही ग़म उसे विचलित कर पाता है। कैफ़ी ऐसे ही थे। परिस्थितियां अपने प्रभाव से उन को अधिक प्रभावित नहीं कर पाती थीं। उनका जो ध्येय था उसकी प्राप्ति हेतु वह निरंतर प्रयत्नशील रहते। उनकी शायरी में भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से उनका यह स्वभाव प्रविष्ट है। कहानीकार 'कृष्न चंदर' ने इस सिलसिले में क्या ख़ूब कहा है-

"कैफ़ी की शायरी दरअसल पत्थर की शायरी है यानी जब शायर अपना सीना पत्थर कर लेता है और ज़ुल्म की दीवार से टकरा कर शायरी का शरार पैदा करता है, लेकिन कैफ़ी की शायरी सिर्फ़ पत्थर की शायरी ही नहीं है वह एक नरम दिल इंसान की भी शायरी है। कैफ़ी ने एक गुदाज़ दिल की शायरी भी की है और सिर्फ़ वही शख़्स ऐसी शायरी कर सकता है जिसने पत्थरों से सर टकराया हो और सारे जहां के ग़म अपने सीने में समेट लिये हों।"

NOTES FOR AUTHORS,

The Equanimist...A peer reviewed Journal

1. Submissions

Authors should send all submissions and resubmissions to **theequanimist@gmail.com**

Some articles are dealt with by the editor immediately, but most are read by outside referees. For submissions that are sent to referees, we try to complete the evaluation process within three months. As a general rule, **The Equanimist** operates a double-blind peer review process in which the reviewer's name is withheld from the author and the author's name is withheld from the reviewer. Reviewers may at their own discretion opt to reveal their name to the author in their review, but our standard policy is for both identities to remain concealed.

Absolute technical requirements in the first round are: ample line spacing throughout (1.5 or double), an

abstract, adequate documentation using the author-date citation system and an alphabetical reference list,

and a word count on the front page (include all elements in the word count).

Regular articles are restricted to an absolute maximum of 10,000 words, including all elements (title

page, abstract, notes, references, tables, biographical statement, etc.).

2. Types of articles

In addition to Regular Articles, **The Equanimist** publishes the Viewpoint column with research-based policy articles, Review Essays, Book Review and Special Data Features.

3. The manuscript

The final version of the manuscript should contain, in this order:

(a) title page with name(s) of the author(s), affiliation

(b) abstract

(c) main text

(d) list of references

(e) biographical statement(s)

(f) tables and figures in separate documents

(g) notes (either footnotes or endnotes are acceptable)

Authors must check the final version of their manuscripts. against these notes before sending it to us.

The text should be left justified, with an ample left margin. Avoid hyphenation. Throughout the manuscripts, set line spacing to 1.5 or double.

The final manuscript should be submitted in MS Word for Windows.

4. Language

The Equanimist is a Bilingual Journal,i.e. English and हिंदी. The main objective of an academic journal is to communicate clearly with an international audience.

Elegance in style is a secondary aim: the basic criterion should be clarity of expression. We allow UK as well as US spelling, as long as there is consistency within the article. You are welcome to indicate on the front page whether you prefer UK or US spelling.For UK spelling we use -ize [standardize, normalize] but -yse [analyse, paralyse]. For US spelling,-ize/-yze are the standard [civilize/analyze]. Note also that with US standard we use the serial comma (red, white, and blue). We encourage gender-neutral language wherever possible. Numbers higher than ten should be expressed as figures (e.g. five, eight, ten, but 21, 99, 100); the % sign is used rather than the word 'percent' (0.3%, 3%, 30%).Underlining (for italics) should be used sparingly. Commonly used non-English expressions, like ad hoc and raison d'être, should not be italicized.

5. The abstract

The abstract should be in the range of 200–300 words. For very short articles, a shorter abstract may suffice. The abstract is an important part of the article. It should summarize the actual content of the article, rather than merely relate what subject the article deals with. It is more important to state an interesting finding than to detail the kind of data used: instead of 'the hypothesis was tested', the outcome of the test should be stated. Abstracts should be

written in the present tense and in the third person (This article deals with...) or passive (... is discussed and rejected). Please consider carefully what terms to include in order to increase the visibility of the abstract in electronic searches.

6. Title and headings

The main title of the article should appear at the top of pg. 1, followed by the author's name an institutional affiliation. The title should be short, but informative. All sections of the article (including the introduction) should have principal subheads. The sections are not numbered. This makes it all the more important to distinguish between levels of subheads in the manuscripts – preferably by typographical means.

7. Notes

Notes should be used only where substantive information is conveyed to the reader. Mere literature references should normally not necessitate separate notes; see the section on references below. Notes are numbered with Arabic numerals. Authors should insert notes by using the footnote/endnote function in MS Word.

8. Tables

Each Table should be self-explanatory as far as possible. The heading should be fairly brief, but additional explanatory material may be added in notes which will appear immediately below the Table.Such notes should be clearly set off from the rest of the text. The table should be numbered with a Roman numeral, and printed on a separate page.

9. Figures

The same comments apply, except that Figures are numbered with Arabic numerals. Figure headings are also placed below the Figure.Example: Figure 1.

10. References

References should be in a separate alphabetical list; they should not be incorporated in the notes. Use the APA form of reference

11. Biographical statement

The biosketch in **The Equanimist** appears immediately after the references. It should be brief and include year of birth, highest academic degree, year achieved, where obtained, position and current institutional affiliation. In addition authors may indicate their present main research interest or recent (co-)authored or edited books as well as other institutional affiliations which have occupied a major portion of their professional lives. But we are not asking for a complete CV.

12. Proofs and reprints

Author's proofs will be e-mailed directly from the publishers, in pdf format. If the article is co-authored, the proofs will normally be sent to the author who submitted the manuscripts. (corresponding author). If the e-mail address of the corresponding author is likely to change within the next 6–9 months, it is in the author's own interest (as well as ours) to inform us: editor's queries, proofs and pdf reprints will be sent to this e-mail address. All authors (corresponding authors and their co-authors) will receive one PDF copy of their article by email.

13. Copyright

The responsibility for not violating copyright in the quotations of a published article rests with the author(s). It is not necessary to obtain permission for a brief quote from an academic article or book. However, with a long quote or a Figure or a Table, written permission must be obtained. The author must consult the original source to find out whether the copyright is held by the author, the journal or the publisher, and contact the appropriate person or institution. In the event that reprinting requires a fee, we must have written confirmation that the author is prepared to cover the expense. With literary quotations, conditions are much stricter. Even a single verse from a poem may require permission.

THE Equanimist
A peer reviewed journal

SUBSCRIPTION ORDER FORM

1. NAME……
   ……………
2. ADDRESS……
   ………
   ………
   ………
   ……………………………………………
   TEL…………………………………………….
   MOB……
   ….
   EMAIL…………………………………………………………………………………………………….
3. TYPE OF SUBSRIPTION: TICK ONE INDIVIDUAL/INSTITUTION
4. PERIOD OF SUBSCRIPTION: ANNUAL/FIVE YEARS
5. DD……………………………………………. DATE………………………………..
   BANK………………………………………………………………………………………….
   AMOUNT (IN WORD)……………………….AMOUNT (IN NUMBERS)……………………………….
   DEAR CHIEF EDITOR,
   KINDLY ACNOWLEDGE THE RECIPT OF MY SUBSCIPTION AND START SENDING THE ISSUE(S) AT FOLLOWING ADDRESS:
   ………
   ………
   ………
   ………
   THE SUBSRIPTION RATE ARE AS FOLLOWS W.E.F. 01.04.2015

INDIA(RS.)

TYPE	**INDIVIDUAL**	**INSTITUTION**
ANNUAL	RS.500	RS.800
FIVE YEARS	RS. 2400	RS. 3900

YOURS SINCERELY
SIGNATURE
NAME:
PLACE:
DATE:

Please Fill This Form And The Cash/Demand Draft/Multi City Check Drawn In Favor Of **Oriental Institute Of Human Development** Payable At **Allahabad** And Send It To Below Mentioned Address.

Published By

Oriental Institute Of Human Development
121/3B1 Mahaveerpuri, Shivkuti Road.
Allahabad-211004